Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

We are Suppliers of :
Zinc Oxide | Silica,
Carbon Black
Bacteria for STP/ETP Plants
(Both Anaerobic and Arobic)
Kumar Brothers
GF-150, Durga Tower, RDC, RAJ NAGAR, GHAZIABAD
E-mail : kumarbros1234@gmail.com
Sandeep Khuller 9810066381 Lalit Kumar 9891116568

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

We are Suppliers of :
Zinc Oxide | Silica,
Carbon Black
Bacteria for STP/ETP Plants
(Both Anaerobic and Arobic)
Kumar Brothers
GF-150, Durga Tower, RDC, RAJ NAGAR, GHAZIABAD
E-mail : kumarbros1234@gmail.com
Sandeep Khuller 9810066381 Lalit Kumar 9891116568

वर्ष: 6 अंक: 251 | शुक्रवार, 12 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### छत्तीसगढ़ में 10 नक्सली ढेर

## गृह मंत्री शाह ने कहा- 31 मार्च से पहले लाल आतंक का खात्मा तय

**दिल्ली/रायपुर।**

शाह ने कहा है कि केंद्र सरकार 31 मार्च से पहले छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में 10 नक्सलियों के खात्मे की सराहना की है। शाह ने कहा है कि केंद्र सरकार 31 मार्च से पहले छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। गृह मंत्री ने कहा कि नक्सलियों को समय पर समर्पण कर देना चाहिए। एक्स पर एक पोस्ट में शाह ने कहा कि हमारे सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ एक और



बड़ी कामयाबी हासिल की है। एक करोड़ के इनामी बालकृष्ण का भी खात्मा हुआ है इसलिए बाकी बचे नक्सलियों को समय पर समर्पण कर देना चाहिए। इससे पहले छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में गुरुवार को

> मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार बरामद किये गये हैं। इनमें सात आटोमेटिक हथियार शामिल हैं। कई नक्सल सामग्री भी बरामद की गई है। बताया जाता है कि एक करोड़ रुपये के इनामी नक्सली मनोज मोडेम उर्फ बालकृष्ण उर्फ भास्कर नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी का मेंबर था। वह ओडिशा स्टेट कमेटी का सचिव था। वह ओएससी और सीआरबी का भी सदस्य था। मैनपुर के आस-पास के इलाकों में रहने वाले लोगों से अपील की गई है कि वे अपने घरों से बाहर न जाएं और फोर्स की हर तरह से मदद करें।

सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में साझा फोर्स ने कुल 10 नक्सलियों को मार गिराया। मैनपुर के जंगलों में हुई मुठभेड़ में एक करोड़ रुपये के इनामी नक्सली मनोज मोडेम उर्फ बालकृष्ण भी मारा गया। 25 लाख रुपये का इनामी नक्सली प्रमोद भी ढेर हुआ। रायपुर संभाग के आईजी अमरेश मिश्रा और गरियाबंद जिले के एसपी निखिल राखेचा ने मुठभेड़ की पुष्टि की। पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, मैनपुर के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर गरियाबंद ई-30, एसटीएफ और सीआरपीएफ की कोबरा टीम मौके पर पहुंची, जहां फोर्स और नक्सलियों के बीच रुक-रुककर मुठभेड़ चलती रही।

## आज राम दरबार में हाजिरी लगाएंगे मॉरीशस के प्रधानमंत्री

### *मंदिर परिसर में शिव का जलाभिषेक भी करेंगे*

**अयोध्या।**

अयोध्या में वह परिवार समेत श्रीराम जन्मभूमि में रामलला के दर्शन करेंगे। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र रामगुलाम आज अयोध्या में रहेंगे। इस दौरान वह परिवार समेत श्रीराम जन्मभूमि में रामलला के दर्शन करेंगे।

एयरपोर्ट पर उनका स्वागत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस मौके पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाएंगे। विदेशी मेहमान के आगमन की तैयारियों में जिला प्रशासन जुट गया है। मॉरीशस के प्रधानमंत्री सुबह 11 बजे एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। उनके साथ परिवार के सदस्य, मॉरीशस के प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और कैबिनेट के मंत्री भी मौजूद रहेंगे। एयरपोर्ट पर पारंपरिक शैली के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम



से लोक कलाकारों की ओर से उनका स्वागत किया जाएगा। डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री सीधे राम मंदिर के लिए रवाना होंगे। प्रयागराज-लखनऊ हाईवे से होते हुए करीब 15 किमी की दूरी तय कर प्रधानमंत्री का काफिला राम मंदिर पहुंचेगा। राम मंदिर में वह करीब डेढ़ घंटे रुकेंगे। इस दौरान रामलला और राजा राम के दर्शन करने के साथ मंदिर निर्माण कार्यों का अवलोकन करेंगे। राम जन्मभूमि परिसर में जटायु और अंगद टीले पर पहुंचकर शिव का जलाभिषेक भी करेंगे। यहां पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के पदाधिकारियों की ओर से उनका स्वागत किया जाएगा। एयरपोर्ट से राम मंदिर तक प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाएंगे। उनके गुजरने के दौरान हाईवे पर थोड़ी देर के लिए यातायात प्रतिबंधित रहेगा।

## जल्दबाजी में फैसले देने से कमजोर होगा कानून का शासन'

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने 2014 के एक दुष्कर्म और हत्या मामले में मृत्युदंड पाए आरोपी को बरी कर दिया, क्योंकि अभियोजन पक्ष ने पूरे सबूत पेश नहीं किए थे। अदालत ने कहा कि मृत्युदंड केवल 'बहुत ही दुर्लभ' मामलों में दिया जाना चाहिए और किसी संदेह की स्थिति में आरोपी के पक्ष में फैसला किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि न्यायपालिका की प्रतिष्ठा और कानून के शासन की रक्षा के लिए जल्दबाजी में कठोर सजा देने से बचना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने 2014 में एक किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या मामले में मृत्युदंड पाए आरोपी को बरी कर दिया है।



अदालत ने कहा कि जल्दबाजी में मृत्युदंड देना न केवल कानून के शासन को कमजोर करता है, बल्कि न्यायपालिका की प्रतिष्ठा पर भी सवाल खड़ा करता है। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संजय करोल और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि अभियोजन ने आरोपी को दोषी ठहराने के लिए पूरे सबूत पेश नहीं किए।

## सीपी राधाकृष्णन आज लेंगे उपराष्ट्रपति पद की शपथ

**नई दिल्ली।**

देश के नए उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव में जीत हासिल करने वाले सीपी राधाकृष्णन आज यानी 12 सितंबर को पद ग्रहण करेंगे। मंगलवार को हुए चुनाव में उन्होंने विपक्षी इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को हराकर जीत दर्ज की थी। इस चुनाव में उन्हें कुल 452 वोट मिले थे। सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार को उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सुबह 10 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में 67 वर्षीय राधाकृष्णन को शपथ दिलाएंगी। राजग उम्मीदवार

> **152 मतों के अंतर से जीता था चुनाव**



राधाकृष्णन ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार पूर्व जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के अंतर से हराकर उपराष्ट्रपति पद का चुनाव जीत था। 21 जुलाई को जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद 9 सितंबर को नए उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव हुआ था। उपराष्ट्रपति चुने जाने के बाद राधाकृष्णन ने महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया है। बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गई है। राष्ट्रपति मुर्मू ने राधाकृष्णन के इस्तीफे के बाद गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। देवव्रत अब दोनों राज्यों के राज्यपाल की जिम्मेदारी संभालेंगे। संसद के हालिया मानसून सत्र के दौरान जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, हालांकि उनका कार्यकाल दो साल बचा हुआ था। उनके इस्तीफे के कारण मध्यावधि चुनाव कराया गया। देश के 17वें उपराष्ट्रपति चुने गए सीपी राधाकृष्णन की उपराष्ट्रपति पद की तक यात्रा असाधारण रही है। इस सफर की शुरूआत छात्र आंदोलन से हुई और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ाव के बाद इसका विस्तार राष्ट्रीय फलक तक हुआ।

## नेपाल की जेलों से फरार कैदियों पर सुरक्षा एजेंसियों की नजर

**सिद्धार्थनगर।**

बॉर्डर पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। एसएसबी और पुलिस टीम के अलावा पीएसी भी लगा दी गई है। साथ ही बॉर्डर की पल-पल की गतिविधियों की जानकारी ली जा रही है। नेपाल में भड़की हिंसा के बाद वहां की 14 जेलों से करीब सात हजार कुख्यात कैदी फरार हैं। बुधवार को भारत में घुसपैठ की कोशिश के दौरान सिद्धार्थनगर और महराजगंज सीमा से कुछ कैदियों के पकड़े जाने के बाद दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हैं। सीमावर्ती इलाके में जांच और निगरानी बढ़ा दी गई है। ढेबरुआ संवाद के मुताबिक बुधवार की देर शाम एसएसबी 50वीं वाहिनी के जवानों ने



नेपाल से भारत में प्रवेश की कोशिश में एक संदिग्ध को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम सिकन्दर चौहान (23) निवासी झंडेनगर, कृष्णानगर (नेपाल) बताया। उसने बताया कि वह नशीली दवाओं की तस्करी के केस में नेपाल के तौलिहवा जिला जेल में तीन साल की सजा काट रहा था।

### दौरे से पहले उपद्रवियों-सुरक्षाबलों में मामूली झड़प

## पीएम मोदी मणिपुर को देंगे 8500 करोड़ की सौगात

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शनिवार को संभावित मणिपुर दौरे से पहले गुरुवार शाम को कुकी बहुल चुराचांदपुर जिले में दो स्थानों पर उपद्रवियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम के दौरे से पहले उपद्रवियों ने सड़कों पर लगे बैनर और कटआउट फाड़ दिए। वहीं, पियर्सनमुन गांव और फिलियन बाजार में प्रधानमंत्री के दौरे के लिए लगाए गए बैरिकेड्स को भी तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि बदमाशों ने फटे हुए टुकड़ों में आग लगा दी और भागने से पहले सुरक्षाकर्मियों पर पत्थर फेंके। एक जिला अधिकारी ने बताया कि चुराचांदपुर में व्यवस्था और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए अर्धसैनिक बलों द्वारा फ्लैग मार्च और गश्त जारी है। प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर यात्रा के दौरान 8,500 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर सकते हैं। अधिकारियों के मुताबिक, पीएम चुराचांदपुर के



> राज्य में प्रधानमंत्री की यात्रा को लेकर तैयारियां काफी तेजी से चल रही हैं। इंफाल में करीब 237 एकड़ में फैले कांगला किले और चुराचांदपुर के पीस ग्राउंड के आसपास बड़ी संख्या में राज्य और केंद्रीय बलों के जवान तैनात किए गए हैं। वहां पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए एक भव्य मंच का निर्माण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में राज्य में कई बैठकें भी आयोजित की जा चुकी हैं। मई 2023 में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद मोदी की यह पहली मणिपुर यात्रा होगी। राज्य में महीनों जारी रही हिंसा में 250 से ज्यादा लोग मारे गए और हजारों बेघर हो गए।

पीस ग्राउंड से 7,300 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, जहां कुकी बहुसंख्यक हैं। वहीं मैतेई बहुल राज्य की राजधानी इंफाल से 1,200 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शनिवार को संभावित मणिपुर दौरे से पहले इंफाल और चुराचांदपुर में सुरक्षा इंतजाम कड़े कर दिए गए हैं। प्रधानमंत्री के मणिपुर दौरे को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। लेकिन उनके मिजोरम यात्रा के बाद मणिपुर पहुंचने की संभावना है।

## दून समेत आठ पर्वतीय जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट

**देहरादून।** प्रदेश के पर्वतीय जिलों में एक बार फिर तेज बारिश के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून समेत उत्तरकाशी, चमोली, पौड़ी, बागेश्वर, नैनीताल, चंपावत और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में भारी से भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। अन्य जिलों में भी बिजली चमकने के साथ तेज दौर की बारिश के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन और मौसम के बदले पैटर्न के चलते पर्वतीय इलाकों में तेज दौर की बारिश अभी भी जारी है।

## फेड बोर्ड से लिसा कुक को हटाने पर अड़ा ट्रंप प्रशासन

**नई दिल्ली।**

ट्रंप ने 25 अगस्त को कुक को बर्खास्त कर दिया था। दरअसल कुक पर आरोप लगा है कि उन्होंने साल 2021 में खरीदी गई दों संपत्तियों के संबंध में धोखाधड़ी की थी। हालांकि उस वक्त लिसा कुक फेडरल रिजर्व गवर्नर नहीं थीं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व (फेड) की गवर्नर लिसा कुक और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के बीच खींचतान जारी है। संघीय अदालत से झटके के बाद अब ट्रंप प्रशासन ने



अपील अदालत से मांग की है कि सोमवार तक फेडरल रिजर्व बोर्ड ऑफ गवर्नर्स से लिसा कुक को हटा दिया जाए, ताकि वह केंद्रीय बैंक की अगली ब्याज दर बैठक में शामिल न हो सकें। अपील में ट्रंप प्रशासन ने अदालत से सोमवार तक निचली अदालत के आदेश को पलटने की अपील की है। बता दें कि फेड की अगली बैठक मंगलवार को शुरू होगी और बुधवार को ब्याज दर पर निर्णय होगा। माना जा रहा है कि केंद्रीय बैंक अपनी बेंचमार्क दर को एक चौथाई अंक घटाकर करीब 4.1% कर देगा। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 25 अगस्त को कुक को बर्खास्त करने का आदेश दिया था, लेकिन फिर एक संघीय न्यायाधीश ने मंगलवार को इसे अवैध करार दिया था।

## दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर पर सबसे तेज गति से चलने वाली ट्रेन होगी 'नमो भारत'

**नई दिल्ली।**

दिल्ली-मेरठ रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के 55 किलोमीटर लंबे खंड पर 160 किलोमीटर प्रति घंटे की अपनी उच्चतम गति से चलने वाली नमो भारत ट्रेन देश में सबसे तेज चलने वाली ट्रेन बन गई है। इससे पहले 2016 में शुरू की गई गतिमान एक्सप्रेस देश की पहली सेमी-हाई स्पीड ट्रेन थी, जो हजरत निजामुद्दीन और आगरा के बीच 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलती थी। बाद में जब

> **160 किलोमीटर प्रति घंटे की अपनी उच्चतम गति से चलेगी**




वंदे भारत ट्रेन शुरू की गई, तो वह भी उसी अधिकतम गति से चलती है। हालांकि, रेल मंत्रालय ने 24 जून, 2024 को बिना कोई कारण बताए उनकी गति 160 किमी प्रति घंटे से घटाकर 130 किमी प्रति घंटा करने का निर्णय लिया। वर्तमान में भारतीय रेल नेटवर्क पर सभी ट्रेनें 130 किमी प्रति घंटे की ऊपरी गति सीमा पर चलती हैं। पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर और उत्तर प्रदेश के मेरठ दक्षिण के बीच चलने वाली छह डिब्बों वाली नमो भारत की तीस ट्रेनों चलेगी। प्रत्येक स्टेशन से 15 मिनट की अंतराल पर चलती हैं और मार्ग के 11 स्टेशनों के बीच कुछ सेकंड के लिए अपनी अधिकतम 160 किमी प्रति घंटे की गति को छू लेती हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रीय परिवहन निगम लिमिटेड (एनसीआरटीसीएल) के अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली के सराय काले खां से शुरू होकर उत्तर प्रदेश के मोदीपुरम तक 16 स्टेशनों वाला पूरा 82.15 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर जल्द ही चालू होने की संभावना है।

## संपादक की कलम से

# पठानिया अब अकेला नहीं


ललित शर्मा
संपादक

अकेला लड़ता रहा पठानिया आज भी अपने मुकाम के लिए लड़ रहा है। वजीर राम सिंह पठानिया को स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा दिए जाने की हर वजह के बावजूद, अगर आजादी के 78 सालों बाद भी यह गौरव हासिल नहीं, तो यह हमारी रगों का कसूर है कि हमने आजादी के रंग को नहीं पहचाना। खैर, इस दफा हिमाचल विधानसभा में ऐसे प्रस्ताव को सभी सदस्यों ने एक सुर देते हुए मंजूर नहीं किया, बल्कि इसके पक्ष में इतिहास में हिमाचल बुलंद भी हुआ। विधायक भवानी सिंह पठानिया द्वारा लाए गए प्रस्ताव में हिमाचल का शौर्य, प्रदेश का बलिदान, राज्य का गौरव तथा इतिहास खड़ा हुआ, तो सदन की प्राथमिकताओं का मुहूर्त बदल गया। हमने इन्हीं कालमों में अनेक बार इस योद्धा को शत-शत नमन करते हुए लिखा है कि भारत में स्वतंत्रता का पहला बिगुल वजीर राम सिंह ने बजाया था। मंगल पांडे को 1857 के स्वतंत्रता विद्रोह से जोड़ा जाता है, लेकिन शहादत के परचम तले आजादी के पहले तूफानों में से एक वजीर राम सिंह पठानिया ने इसे एक दशक पूर्व ही आहूत कर दिया था। आश्चर्य यह कि आजादी का यह हिमाचली अध्याय पूरी तरह खुलता नहीं रहा। यह इसलिए भी हिमाचल अपने नायकों और नायकत्व को पहचानने में आज भी फिसड्डी है। विश्वविद्यालय बढ़ गए, लेकिन शोध में हिमाचलियत है ही नहीं। कालेजों और शिक्षण संस्थानों के नाम पर राजनेता चस्पां होने लगे हैं। स्कूलों और कालेजों के वार्षिक समारोहों में क्या कभी बहादुर सैनिकों को बुलाया जाता है। कवि सम्मेलनों में भाषा और संस्कृति विभाग या अकादमी की फर्ज अदायगी ने कभी सोचा कि शहीदों की याद में इतिहास के दो-चार पन्ने ही पढ़ लिए जाएं। क्या हिमाचल के राजतिलक का सारा अर्थ राजनीति ने समेट लिया। हिमाचल में आजादी का इतिहास सिरमौर, शिमला, कुल्लू-मंडी, हमीरपुर-बिलासपुर से ऊना-कांगड़ा होता हुआ हर छोर तक चमकता है। शौर्य की हर गाथा और लोक संस्कृति के हर सफे पर कुर्बानियों के कई लम्हे यादों से गुजरते हैं, लेकिन हमने सरोकारों का कारवां बदल दिया। आज भी विश्व के कई कोने और भारत के सिख व डोगरा इतिहास के कारनामों में जनरल जोरावर सिंह का नायकत्व प्रमाणित है। वह चीन के साथ समझौतों की बागडोर में महाराजा रणजीत सिंह के साम्राज्य का विस्तार लिखते हैं। डोगरा सल्तनत की छलांगों में वह तिब्बत के छोर तक पहुंच जाते हैं। आश्चर्य यह कि इस वीर सपूत के पार्थिव अवशेषों की समाधि शत्रु देश की पूजा स्थली बन गई, लेकिन हम आज तक एक स्मृति संस्थान नहीं बना सके। धर्मशाला के शहीद स्मारक में जोरावर सिंह की एक प्रतिमा स्थापित करते हुए विधायक सुधीर शर्मा ने जरूर यह एहसास कराया कि जब राष्ट्रगान की धुनें गूंजें तो राष्ट्र की आंखों में हिमाचल के नायक भी श्रद्धा के साथ रहें। हिमाचल के धर्मशाला से ही कैप्टन राम सिंह ने ही राष्ट्रगान की धुन बनाई थी, लेकिन इस शोहरत का मुकाम हम तो स्थापित नहीं कर पाए। पूर्व विधायक पं. सुशील रत्न ने राज्य स्वतंत्रता सेनानी स्मारक की स्थापना धर्मशाला के दाड़ी में की, लेकिन लकीरों में बंटी सियासत ने ऐसे संकल्प का भी बंटाधार कर दिया। हिमाचल के स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर भवानी सिंह पठानिया ने एक बड़े शून्य को तोड़ा है, जिसके लिए उन्हें साधुवाद, लेकिन इतिहास को खंगालने के लिए शिक्षा विभाग को भी सार्थक प्रयास करने चाहिएं ताकि हम अपने हीरो को जानने के लिए मूक-बधिर ही न बने रहें।

संजीव ठाकुर



## शिकवा नही मेहनतकश जिंदगी से

कविता

शिकवा नही मेहनतकश जिंदगी से।

अपना लिया गम को बड़ी खुशी से
दास्ताने दर्द कहते नहीं किसी से।

पहले उन्हें राहें कांटों भरी मिलेंगी
आंखों में जिनके ख्वाब मखमली से।

गम से नहीं किसी को यहां फुर्सत
खुश हैं पर खूब शिकवा जिंदगी से।

झरोखे से दिखा देना चेहरा अपना
जनाजा जो निकले मेरा तेरी गली से।

मिल जाए चाहता हर कोई मुफ्त-दौलत
लोग इस कदर हैं बेजार मुफलिसी से।

पीठ-पेट क्यों चिपके हुए साथ-साथ
किसी ने पूछा क्या उसकी फकीरी से।

पसीने की बूंदे उभर आई माथे पर,
शिकवा नही मेहनतकश जिंदगी से।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# नेपाल सहित पड़ोसी मुल्कों में राजनीतिक अस्थिरता और भारत पर इसके अंतरराष्ट्रीय प्रभाव:-एक गहन विश्लेषण





वैश्विक स्तरपर दक्षिण एशिया आज विश्व राजनीति का एक अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहाँ की आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता केवल संबंधित देशों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसका सीधा असर अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीति और अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। नेपाल, जो भारत के साथ ऐतिहासिक, सांस्कृतिक औरभौगोलिक रूप से गहराई से जुड़ा हुआ है, वर्तमान में एक बड़े राजनीतिक संकट से गुजर रहा है। सत्ता परिवर्तन, युवा आक्रोश, भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन,बाहरी हस्तक्षेप और आर्थिक चुनौतियाँ इससंकट की मुख्य वजहें हैंभारत के लिए यह स्थिति केवल पड़ोसी की चिंता नहीं है,बल्कि अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा,सीमाई स्थिरता, आर्थिक व्यापारिक हित और क्षेत्रीय रणनीति से भी गहराई से जुड़ी हुई है।भारत और नेपाल के बीच लगभग 1,751 किलोमीटर लंबी खुली सीमा है,जो उत्तर प्रदेश, बिहार,पश्चिम बंगाल,उत्तराखंड और सिक्किम से लगती है। यह भौगोलिक निकटता दोनों देशों के संबंधों को विशेष बनाती है। नेपाल के लगभग 80 लाख नागरिक भारत में कामकाज और रोजगार से जुड़े हुए हैं।यह केवल आर्थिक पहलू नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक बंधन भी है,क्योंकि लाखों नेपाली परिवार भारत में बसते हैं और दोनों देशों के लोगों के बीच वैवाहिक रिश्ते भी आम हैं।भारत के लिए नेपाल में राजनीतिक स्थिरता इसलिए जरूरी है, क्योंकि यदि वहाँ लगातार सत्ता संकट,विद्रोह या गृहयुद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न होती है,तो उसका सीधा असर भारत की सीमाओं, सुरक्षा और आंतरिक राजनीति पर पड़ेगा, जो रेखांकित करने वाली बात है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,नेपाल सहित पड़ोसी मुल्कों में राजनीतिक अस्थिरता और भारत पर इसके अंतरराष्ट्रीय प्रभावः-एक गहन विश्लेषण।

साथियों बात अगर हम,नेपाल के युवाओं के स्पष्ट रूप से खुलासा करने की करें तो उन्होंने कहा है कि तोड़फोड़, लूटपाट और हथियार छीनने जैसी घटनाओं में उनका कोई हाथ नहीं है। यह काम कुछ बाहरी तत्वों का है, जिन्होंने आंदोलन में प्रवेश करके उसकी दिशा बदलने की कोशिश की। इस बयान से यह साफ है कि नेपाल का युवा वर्ग केवल पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन चाहता है,न कि अराजकता और हिंसा।भारत के लिए यह संदेश महत्वपूर्ण है। अगर नेपाल में लंबे समय तक चुनाव टाले जाते हैं और स्थिर सरकार नहीं बनती, तो अराजक तत्व और बाहरी शक्तियाँ स्थिति का फायदा उठाकर भारत की सीमाओं में असुरक्षा फैला सकती हैं।


साथियों बात अगर हम भारत और नेपाल के बीच व्यापारिक रिश्ते अति गहरे होने की करें तो,नेपाल के कुल व्यापार का लगभग दो-तिहाई हिस्सा भारत के साथ होता है।भारत नेपाल को मशीनरी,पेट्रोलियम उत्पाद, दवाइयाँ,खाद्य सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और औद्योगिक वस्तुएँ भारी मात्रा में निर्यात करता है, जबकि नेपाल से मुख्य रूप से तैलीय बीज, वन उत्पाद और कुछ सीमित वस्तुएँ ही आयात करता है।इससे भारत का ट्रेड सरप्लस बढ़ता है, लेकिन नेपाल की अर्थव्यवस्था पर बोझ पड़ता है। राजनीतिक संकट से नेपाल की अर्थव्यवस्था और कमजोर होगी, जिससे उसकी खरीद क्षमता घटेगी और भारत के निर्यात पर भी नकारात्मक असर पड़ेगा। साथियों बात अगर हम वर्तमान समय में भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ व डिजिटल डेटा पॉलिसी जैसे मुद्दों पर तनाव चलनें की करें तो,ऐसे समय में भारत को अपने निर्यात के लिए नए बाजारों की आवश्यकता है। नेपाल भारत का प्राकृतिक और पारंपरिक बाजार रहा है। यदि नेपाल की अर्थव्यवस्था राजनीतिक अस्थिरता के कारण और कमजोर हो जाती है,तो यह भारत की रणनीति के लिए दोहरी चुनौती होगी।यानें एक ओर अमेरिका से तनाव,और दूसरी ओर नेपाल का संकट,दोनों मिलकर भारत की निर्यात नीति, क्षेत्रीय स्थिरता और आर्थिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं।

साथियों बात अगर हम इसे चीनी दक्षिण एशिया और वैश्विक संलग्नता के एंगल से देखे तो, नेपाल की अस्थिरता केवल भारत का मामला नहीं है। इस क्षेत्र में चीन भी अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत करनेकी कोशिश करता रहा है। चीन, बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत नेपाल को इन्फ्रास्ट्रक्चर और ऋण के जाल में फँसाने का प्रयास कर रहा है। अगर नेपाल लंबे समय तक अस्थिर रहता है, तो चीन वहाँ अपनी पकड़ बढ़ाने की कोशिश करेगा।भारत के लिए यह सुरक्षा दृष्टि से खतरा है,क्योंकि नेपाल की खुली सीमा भारत की रक्षा नीति के लिए चुनौती बन सकती है।नेपाल की अस्थिरता केवल सीमाई समस्या नहीं पैदा करेगी,बल्कि पूरे दक्षिण एशिया में अविश्वास और असुरक्षा का माहौल पैदा कर सकती है। यह स्थिति सार्क जैसी क्षेत्रीय संस्थाओं की निष्क्रियता को और गहरा करेगी।साथ ही भारत-बांग्लादेश संबंध, भारत -श्रीलंका संबंध और भारत- भूटान संबंध भी इससे प्रभावित हो सकते हैं, क्योंकि क्षेत्रीय राजनीति पर एक प्रकार का डोमिनो प्रभाव पड़ता है। साथियों बात कर हम सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी, लोकतंत्र और न्याय के महत्व की करें तो, 10 सितंबर 2025 को भारत के सुप्रीम कोर्ट ने नेपाल के संवैधानिक और राजनीतिक संकट पर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की। ₹प्रेसिडेंशियल रेफरेंस केसर₹ की सुनवाई के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) नेपाल के हालात पर चिंता जताई है,प्रेसडिंशयिल रेफरेंस पर सुनवाई के दौरान कांस्टीट्यूशन बेंच की अध्यक्षता कर रहे चीफ जस्टसि ने कहा, हमें अपने संविधान पर गर्व है,पड़ोसी देशों की ओर देखिए, नेपाल में हमने देखा, इस पर जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा,और बांग्लादेश में भी,पड़ोसी देशों का जक्रि क्यों सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब नेपाल और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों में राजनीतिक अस्थिरता और संविधान को लेकर विवाद जारी हैं,नेपाल में हालात ऐसे बन गए हैं कि जनता के गुस्से की वजह से प्रधानमंत्री को पद छोड़ना पड़ा है,चार दनि से देश में आग लगी हुई है, बांग्लादेश में कुछ महीनों पहले ऐसे ही हालात बने थे और प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपना देश छोड़कर भारत में शरण लेनी पड़ी थी।हमें क्यों है गर्वभारत का संविधान दुनियाँ के सबसे बड़ा और सबसे लोकतांत्रिक संविधान में से एक है, इसने न केवल जनता को बराबरी और अधिकार दिए हैं, बल्कि सत्ता में बैठे नेताओं को भी सीमाओं में रहने का सबक सिखाया है, आपातकाल जैसी स्थिति में भी लोकतंत्र ने अपनी राह बनाई और जनता ने संविधान के जरिए ही सत्ता को पलट दिया,न्यायपालिका ने कई ऐतिहासिक फैसलों के जरिए संविधान की आत्मा को मजबूत बनाए रखा है।


गोंदिया

सीजेआई की टिप्पणी इसी भरोसे की ओर इशारा करती है कि चाहे कितने भी संकट आएं, भारतीय लोकतंत्र अपने संविधान की वजह से बार-बार मजबूत होकर खड़ा हुआ है। साथियों बात अगर हम वैश्विक स्तरपर सोशल मीडिया एल्गोरिथ्म और जनआंदोलन की जटिलता की करें तोआधुनिक युग में राजनीति केवल सड़कों और संसद तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका एक बड़ा हिस्सा सोशल मीडिया एल्गोरिथ्म द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है। विश्वभर के उदाहरण,फ्रांस में पीली जैकेट आंदोलन, आज 10 सितंबर 2025 को फ्रांसमेँ जबरदस्त आंदोलन, श्रीलंका में राजपक्षे सरकार का पतन, बांग्लादेश और नेपाल में युवाओं का विद्रोह,यह साबित करते हैं कि सोशल मीडिया जनमत को जिस तरह आकार देता है, वह कभी-कभी स्थिर लोकतंत्रों को भी अस्थिर बना सकता है। एल्गोरिथ्म की समस्या यह है कि यह संतुलित खबरों की जगह अधिक उग्र,सनसनीखेज और विभाजनकारी सामग्री को प्राथमिकता देता है, जिससे समाज में ध्रुवीकरण और असंतोष तेजी से फैलता है।भारत को नेपाल के अनुभव से सीख लेनी चाहिए। क्योंकि अगर सोशल मीडिया एल्गोरिथ्म के प्रभाव पर गंभीर नियंत्रण और निगरानी नहीं की गई, तो यह स्थिति भारतीय लोकतंत्र और सामाजिक समरसता के लिए भी खतरा बन सकती है। साथियों बात अगर हम समाधान की दिशा मेँ कदम बढ़ाने की करें तो-(1) नेपाल में शीघ्र और पारदर्शी चुनाव कराना अनिवार्य है।(2) भारत को नेपाल के साथ कूटनीतिक और आर्थिक सहयोग बढ़ाना चाहिए, ताकि वहाँ लोकतांत्रिक संस्थाएँ मजबूत हों।(3) सोशल मीडिया एल्गोरिथ्म और बाहरी तत्वों पर सख्त निगरानी जरूरी है।(4) नेपाल की आर्थिक कमजोरी दूर करने के लिए भारत को संतुलित व्यापार नीति अपनानी होगी।(5)क्षेत्रीय स्थिरता के लिए भारत, नेपाल और अन्य दक्षिण एशियाई देशों के बीच बहुपक्षीय संवाद होना चाहिए।

# अभिव्यक्ति के आयाम


विजय गर्ग

प्रदर्शन के मूल में उन्नति होती है। यह भी मान सकते हैं कि प्रदर्शन तरक्की का मार्ग प्रशस्त होता है। बढ़ने और इससे आगे बढ़ने की लालसा जीवन के क्रम हैं। जीवन में हर हाल में जागृति रहे, इसलिए प्रदर्शन होते रहने चाहिए। जागरूक व्यक्ति नई से नई राह पर चल कर एक से एक उपलब्धियां पा लेता है। ऊंचे से और ऊंचा बढ़ने को कृतसंकल्प रहता है। इसे ही सही विकास की राह पर चलना कहते हैं। विकास और उन्नति या तरक्की कोई अलग चीज नहीं, एक दूसरे के पर्याय हैं। शब्दों के मायाजाल पर मोहित होने की जरूरत तो नहीं है, लेकिन प्रदर्शन को शायद इसीलिए प्रगति सूचक कहा जाता है कि इसमें खुद को अभिव्यक्त किया जाता है । किसी भी प्रदर्शन से पूर्व नई सकारात्मक सोच लानी होती है। सिर्फ अचानक ही आसमान की ओर देख लेने से कुछ नहीं होता । कम से कम अपने ऊपर आत्मविश्वास के स्तर को कुछ ऊंचा रखना पड़ता । कुछ लोग उसे अहं के रूप में देख सकते हैं, लेकिन उसी आरोप को संभालना पड़ता है। शुरूआत में दृष्टि एक बिंदु पर न टिक कर इधर-उधर घूमती है, लेकिन सब कुछ देख लेने की फौरी जिज्ञासा इतनी प्रबल होती है कि जितना दिखता है, उससे और अधिक देख लेना चाहती है। इसे सृजक के नजरिए से देखा जा सकता है। दुनिया भर के सृजन के स्रोत ऐसे ही बनते हैं और बढ़ते जाते हैं। उमंगों की हिलोरों से एक खास उमंग जब उठती है ऊपर, तो वह आसमान छू लेने की चाहत रखती है। इसे ही मुहावरे में कहा जाता है आसमान में छेद करना। यह मूलतः प्रदर्शन का परिणाम है। इसलिए यह आवश्यक है कि आगे बढ़ने की निरंतरता सदा बनी रहे । आमतौर पर प्रत्येक विद्यार्थी की शैक्षिक प्रगति यानी 'प्रोग्रेस रिपोर्ट- कार्ड' बनाया जाता है, जिसे 'रिजल्ट कार्ड' या परिणाम - पत्र भी कहते हैं । इसे अच्छे-बुरे या उन्नति - अवनति का परिणाम प्रदर्शन - पत्र भी कह सकते । यहां मुख्य उद्देश्य केवल प्रदर्शन से है । ये अक्सर जीवन में पथ-प्रदर्शक का कार्य कर जाते हैं । अनजाने में आई जटिलताओं का निवारण भी इन्हीं के आधार पर केंद्रित होता है। आम जीवन में ही नहीं, बल्कि देश - विदेश की सरकारें भी स्वीकार्य प्रदर्शन करवाती हैं। अंतर इतना होता है कि कहीं दिखाने के लिए तो कहीं दूसरे को डराने-धमकाने के लिए ये प्रदर्शन किए जाते हैं। हालांकि प्रदर्शन कोरे प्रदर्शन नहीं होते, न ही ये मूक-बधिर होते हैं, बल्कि कुछ जागरूक लोगों की बुलंद आवाज में भी हो सकते हैं कि जिससे बड़े से बड़े सदन हिल जाते हैं। गहराई से देखा जाए तो शांतिपूर्ण प्रदर्शन से आपसी सौहार्द बना रहता है। टीवी पर एक पारिवारिक धारावाहिक में अलग-अलग जाति-धर्म-भाषा के परिवार हंसी-खुशी से रहते दिखाए जाते हैं । वे बात-बेबात लड़ाई- झगड़े भी करते हैं। फिर सुलह- दोस्ती कर एक सीध में हंसते हु खड़े दिखते हैं । ये खड़े होने की उनका शैली ही खास प्रदर्शन है। इनके चेहरे दर्शकों की ओर मुंह किए हुए अर्ध-गोलाई में होते हैं। बहरहाल, प्रदर्शन एक समान हो और उसका फल भी एक समान आए, यह तब संभव है जब एक समान शिक्षण-प्रशिक्षण हो, कोई भेदभाव न रखा जाए। बच्चों को एक स्कूल - परिधान पर्याप्त नहीं होते। उन्हें समान अवसर भी मिलना चाहिए । इसलिए कई विद्यालयों नें अपने विद्यार्थियों को अंग्रेजी के 'यू' अक्षर, यानी अर्धगोलाकार आकृति में बैठाना शुरू कर दिया है। इसके फलस्वरूप हर विद्यार्थी अपने शिक्षक के सामने होता है, उनसे सवाल-जवाब या बातचीत भी कर सकता है। इससे वह अपने शैक्षिक प्रदर्शन को बेहतर कर सकता है। एक-दूसरे के पीछे बैठने की मानसिकता कभी भी आगे, और आगे बढ़ने को प्रेरित नहीं करती । सब जानते हैं स्वतंत्रता दिवस या गणतंत्र दिवस जैसे मौकों पर देश की जनता को संबोधित किया जाता है। यह भी सरकार की विविध उपलब्धियों के प्रदर्शन का ही मौका होता है। जनसमूह इसे देख - सुन कर मान भी लेता है । इस अवसर पर दुनिया को एक कूटनीति के तहत अपनी ताकत से परिचित भी कराना होता है । विभिन्न झांकियां विकास की कहानियां प्रदर्शित करती दिखती हैं। चूंकि प्रदर्शन विकास के संदर्भ में होते हैं, इसलिए कई लोगों के लिए इसका अध्ययन स्वाभाविक हो जाता है । यों प्रदर्शन का इतिहास बहुत पुराना है। जहां तक लोकतांत्रिक प्रदर्शनों की बात है, इनकी जगहें बदलती रही हैं। जो प्रदर्शन कभी किसी शहर के केंद्र में हुआ करते थे, उनके लिए अब उसी शहर के किसी किनारे-कोने में जगह तय कर दी गई है। चूंकि बेबस जनता का मूल अधिकार होता है प्रदर्शन करना, अपनी बात को सरकार तक पहुंचाना, तो उधर जिम्मेदार सरकार का भी दायित्व बनता है इन प्रदर्शनों को संरक्षित और सुरक्षित रखना। जिस देश में प्रदर्शन जिंदा रहते हैं, वहां लोकतंत्र कभी मरता नहीं । प्रदर्शन का दर्शन - शास्त्र समझने के लिए पीछे की ओर भी देखा जा सकता है। गांधीजी के लिखे को केवल याद करने से नहीं चलेगा, उन्हें संजीदगी से पढ़ने और समझने की जरूरत है। यह जानना चाहिए कि ब्रिटिश सत्ता के दौरान भारत ने गांधी जी की प्रेरणा से किस तरह अपनी स्वतंत्रता की मजबूत इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया था और आखिरकार इन्हीं से निकले संदेशों के संकेत समझते हुए, अहिंसक प्रदर्शनों को देखते हुए अंग्रेज यहां से चले गए। यानी प्रदर्शन की दिशा सकारात्मक हो, तो वह देश - दुनिया में स्थायी अध्याय की रचना कर सकता है।

# भारतीय दिल खतरे में, एक गंभीर चुनौती की टंकार


ललित गर्ग

आधुनिक युग को यदि सुविधाओं और संसाधनों का युग कहा जाए तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी, लेकिन इन सुविधाओं और विलासिताओं की कीमत भी समाज को चुकानी पड़ रही है। मशीनों और तकनीक ने जीवन को आसान बनाया है, परंतु इसके साथ ही ऐसी अनेक जीवनशैली-जनित बीमारियों को जन्म दिया है जो पहले दुर्लभ थीं। इन बीमारियों में सबसे बड़ी और भयावह बीमारी है-दिल का रोग। दिल की बीमारियाँ आज विश्व में असमय मृत्यु का सबसे बड़ा कारण बन चुकी हैं और भारत भी इससे अछूता नहीं है। हाल ही में जारी कॉजेज ऑफ डेथ इन इंडिया 2021-23 की रिपोर्ट इस खतरे की गंभीरता को और स्पष्ट करती है। पहले जहाँ माना जाता था कि हृदय रोग और दिल के दौरे बुजुर्गों की बीमारी है, वहीं अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अब 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में हृदयाघात से होने वाली मौतें तेजी से बढ़ रही हैं। यानी युवाओं में दिल का दौरा अब असामान्य नहीं, बल्कि आम होता जा रहा है। यह न केवल चिकित्सा जगत के लिए चिंता का विषय है बल्कि समाज और परिवार के लिए भी गहरी चिंता का कारण है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में हृदय रोगों के कारण विश्वभर में लगभग 1.8 करोड़ लोगों की मृत्यु हुई। यह आंकड़ा किसी भी अन्य बीमारी से कहीं अधिक है। अकेले भारत में प्रतिवर्ष लगभग 28 प्रतिशत मौतें हृदय रोगों से होती हैं। इसका अर्थ यह है कि हर चौथा भारतीय हृदयाघात या उससे जुड़ी बीमारी का शिकार होकर अकाल मृत्यु का सामना कर रहा है। शहरी क्षेत्रों में यह दर और भी अधिक है क्योंकि वहाँ तनाव, प्रदूषण, अस्वस्थ भोजन और व्यायाम की कमी का प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कहीं ज्यादा है। विशेष चिंता की बात यह है कि भारत में 40 प्रतिशत से अधिक दिल के दौरे 40 वर्ष से कम आयु में आ रहे हैं। यह आंकड़ा अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित देशों से कहीं अधिक है, जहाँ यह दर 10 से 15 प्रतिशत के बीच है। इस तथ्य से स्पष्ट है कि भारतीय युवा पीढ़ी का हृदय पहले से कहीं अधिक असुरक्षित एवं खतरे में है। नमूना पंजीयन सर्वेक्षण के नए आंकड़े विशेषकर दिल के प्रति सजग रहने की वकालत करते हैं। भारत में सबसे अधिक करीब 31 फीसदी मौतें दिल की बीमारियों के कारण होती हैं। यदि हम यहां पर भारत में मोटापे की राष्ट्रीय स्थिति की बात करें तो भारत में मोटापे की औसत दर लगभग 40.3 प्रतिशत है, जिसमें महिलाओं में यह दर 41.88 प्रतिशत और पुरुषों में 38.67 प्रतिशत है। शहरी क्षेत्रों में यह दर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक है। आंकड़े बताते हैं कि पुडुचेरी, चंडीगढ़, और दिल्ली जैसे राज्यों में मोटापे की दर उच्चतम है। भारत में सबसे अधिक करीब 31 फीसदी मौतें दिल की बीमारियों के कारण होती हैं। सर्वेक्षण में यह पता चला है कि 30 से अधिक उम्र वाले लोगों में मौत की सबसे बड़ी वजह यही है। देश के 28 राज्यों और आठ केंद्रशासित क्षेत्रों में करीब 88 लाख लोगों पर किए गए इस सर्वेक्षण से यह पता लगाने की कोशिश की गई थी कि भारत में मौत की वजह क्या है और किस बीमारी से कितनी जान जा रही है? एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार 2021 में कोविड-19 महामारी के कारण मृत्यु दर में वृद्धि हुई। हालांकि, 2022 और 2023 में स्थिति में सुधार देखा गया, लेकिन महामारी के प्रभाव से उत्पन्न स्वास्थ्य संकटों का असर अभी भी महसूस किया जा रहा है। इसमें उच्च मात्रा में तेल, नमक और चीनी होती है, जो हृदय की धमनियों को अवरुद्ध कर देती है। पारंपरिक संतुलित आहार जिसमें दाल, सब्जियां, अनाज और फल शामिल थे, अब जीवन से गायब होते जा रहे हैं। आधुनिक जीवन की दौड़-भाग, नौकरी और कैरियर की अनिश्चितता, प्रतिस्पर्धा, आर्थिक दबाव और सामाजिक अपेक्षाएँ युवाओं को लगातार मानसिक तनाव में रखती हैं। तनाव से हार्मोनल असंतुलन होता है और यह हृदय की धड़कन तथा रक्तचाप को प्रभावित करता है। धूम्रपान, शराब और अन्य नशे की वस्तुएँ दिल की बीमारी के सबसे बड़े कारणों में शामिल हैं।

# जनपद में विभिन्न वर्गों के साथ विचार विमर्श एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया गुलजार आलम




**रामपुर।** समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश/2047 अभियान के अंतर्गत जनपद में विभिन्न वर्गों के साथ विचार-विमर्श एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए

इस अवसर पर शासन से नामित प्रबुद्धजन सेवानिवृत्त, आईपीएस नन्द कुमार मिश्रा, नोडल अधिकारी सुभाष चंद्र शर्मा, जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र एवं मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में व्यावसायिक/उद्यमी, स्वयं सहायता समूहों से जुड़े महानुभावों/महिलाओं एवं स्थानीय बुद्धिजीवियों के साथ संवाद किया। शासन द्वारा नामित प्रबुद्धजनों की टीम ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए सुझाव मांगे। उन्होंने जनपद में उद्योग से संबंधित समस्या के साथ ही उसके समाधान को लेकर भी चर्चा भी की। उद्यमियों ने कहा कि सरकार द्वारा उद्योगों की स्थापना के लिए अनुकूल माहौल उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बिलासपुर तहसील में इंडस्ट्रियल हब बनाने की मांग की। उद्यमियों ने इंडस्ट्रीज के लिए रिसर्च और डेवलपमेंट सेंटर बनाने का सुझाव दिया, जिससे क्वालिटी में सुधार हो। उद्यमियों ने एमएसएमई सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम उद्योगों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिसे उन्होंने छोटे उद्योगों के लिए एक मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। मक्का से कुटीर उद्योग स्थापित कराया जाये, जिससे कृषकों को मक्के की खेती से उन्हें सही मूल्य मिल सके। विकसित उत्तर प्रदेश विजन की तीन प्रमुख थीमों अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति से जुड़े 12 प्रमुख सेक्टर जैसे कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटी एवं उभरती प्रौद्योगिकी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा एवं सुशासन पर चर्चा हुई। शासन से नामित प्रबुद्धजनों ने बताया कि सभी विषयों पर प्राप्त सुझावों के आधार पर राज्य के विकास की दीर्घकालिक रणनीति तय की जाएगी।विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने के लिए जनभागीदारी आवश्यक है। कोई भी प्रदेश तभी विकास करेगा, जब उसमें जमीन से जुड़े लोगों को जोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान को हर घर तक पहुंचायें और प्रत्येक परिवार के कम से कम एक व्यक्ति को सुझाव देने के लिए प्रेरित करते हुए इस अभियान में सहभागी बनायें।

# वीर खालसा सेवा समिति बहुत जल्द पहुंचेगी पंजाब के अंदर बाढ़ पीड़ितों के बीच करेगी जरूरतमंदों की मदद



वेलकम इंडिया गुलजार आलम

रामपुर। वीर खालसा सेवा समिति बहुत जल्द पहुंचेगी पंजाब के अंदर बाढ़ पीड़ितों के बीच करेगी जरूरतमंदों की मदद समिति के लगभग ? 15 लख रुपए की सामग्री? पीड़ितों के बीच जाकर जरूरतमंदों को दी जाएगी ? अवतार सिंह ने बताया की सभी धर्म के लोग पंजाब में आई बाढ़ पीड़ितों के लिए सामग्री दे रहे हैं और नगद सहयोग भी कर रहे हैं सभी धर्म के लोग आटा दाल चावल घी चीनी सरसों का तेल चाय पत्ती चीनी गुड़ साबुन नगद सहयोग दिया जा रहा है सभी के सहयोग से बड़ी संख्या में सामग्री लेकर जल्द हम पंजाब के अंदर जाएंगे और अपने हाथों से जरूरतमंदों की मदद करेंगे समिति के अध्यक्ष ? अवतार सिंह ने कहा ना तो यह सामग्री किसी को दे कर ? नहीं आएंगे न रखकर आएंगे ना कहीं उतार कर आएंगे यह सामग्री खुद ही अपने हाथों से जरूरतमंदों को दी जाएगी जिसकी तैयारियां चल रही हैं सभी धर्म के लोग सहयोग कर रहे हैं इस मौके पर सेवा सिंह नारायण सिंह गुरमेल सिंह मनदीप सिंह इंद्रजीत सिंह अमनदीप सिंह सुरजीत सिंह मनजीत सिंह गुलशन अरोड़ा सनी कपूर मनिंदर सिंह जगजोत सिंह हरजोत सिंह सदस्य मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना कोतवाली का किया गया आकस्मिक निरीक्षण




वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चैक किया गया, साथ ही थाना परिसर में बने साइबर सेल, कम्प्यूटर कक्ष, कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, बैरक, भोजनालय, मालखाना आदि एवं विभिन्न पॉर्टल पर की जाने वाली फीडिंग व साइबर सेल की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया गया तथा थाने पर नियुक्त पुलिस कर्मियों के साथ सैनिक सम्मेलन कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । बाद निरीक्षण पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा नगर क्षेत्रान्तर्गत मयफोर्स पैदल गस्त की गयी ।

# नेहा पंवार का शारजाह (यूएई) में सांस्कृतिक सलाहकार एवं अनुवादक पद के लिए चयन



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रचार मंत्री डॉ० मनोज कटारिया ने जनपद अमरोहा के ग्राम सिबौरा निवासी गुर्जर दुष्यंत पंवार की होनहार पुत्री गुर्जर नेहा पंवार का भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् (आईसीसीआर) के माध्यम से शारजाह (यूएई) में सांस्कृतिक सलाहकार एवं अनुवादक पद के लिए चयन होने पर शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की हैं। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रचार मंत्री डॉ० मनोज कटारिया ने जानकारी देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के जनपद अमरोहा स्थित ग्राम सिबौरा की होनहार छात्रा गुर्जर नेहा पंवार को यूएई विदेश से नौकरी का ऑफर मिला हैं। नेहा पंवार को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् के माध्यम से आयोजित परीक्षा एवं साक्षात्कार में सफलता हासिल करने पर अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ने शुभकामनाएँ देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने के बाद नेहा पंवार को शारजाह (संयुक्त अरब अमीरात) में नियुक्ति का पत्र प्राप्त हो गया हैं। भारतीय संस्कृति एवं कला को बढ़ावा देने के लिए नेहा पंवार को अतिथि संबंध अनुवादक यानी सांस्कृतिक सलाहकार एवं अनुवादक के लिए चुना गया है, जहाँ छह महीने के प्रशिक्षण के उपरांत वह अपना कार्यभार संभाल लेंगी। उल्लेखनीय हैं कि जनपद अमरोहा के ग्राम चोटीपुरा स्थित गुरुकुल में कक्षा पांच से परास्नातक (एमए) तक शिक्षा प्राप्त करने वाली छात्रा नेहा पंवार ने वर्ष 2024 को गणतंत्र दिवस की परेड में गुरुकुल महाविद्यालय चोटीपुरा से एनसीसी टीम की सदस्य के रूप में भी प्रतिभाग किया था। गुर्जर नेहा पंवार के पिता गुर्जर दुष्यंत कुमार पंवार पैरामिलिट्री फोर्स सीआरपीएफ की 98 बटालियन कुपवाड़ा में एनसीओ के पद पर कार्यरत हैं। जनपद अमरोहा के ग्राम सिबौरा निवासी गुर्जर नेहा पंवार ने माता- पिता के साथ-साथ गुर्जर समाज का नाम रोशन किया है। गांव सिबौरा एवं गुर्जर समाज में खुशी का माहौल हैं और शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद देने वालों का तांता लगा हैं।

# जेपी पब्लिक स्कूल वॉलीबॉल टीम ने मुरादाबाद में चैंपियनशिप जीतकर किया गौरवपूर्ण प्रदर्शन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**चांदपुर :** जे पी पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर अपने विद्यार्थियों की मेहनत और समर्पण से सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय की वॉलीबॉल टीम ने टी एम यू मुरादाबाद में आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की

विद्यालय में इस ऐतिहासिक जीत का जश्न किसी उत्सव से कम नहीं था। विजेताओं का रेड कार्पेट स्वागत, ढोल-नगाड़ों की गड़गड़ाहट और विद्यार्थियों के जोरदार तालियों ने वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। सभी छात्र अपने-अपने स्थानों पर खड़े होकर टीम का सम्मान करते नजर आए। इस भव्य समारोह में विद्यालय के चैयरमैन, चैयरमैन पर्सन, प्रबंधक, विद्यालय प्रधानाचार्य विनीत तोमर कोऑर्डिनेटर रूपा त्यागी और पी जी टी अकाउंटेंसी अध्यापक नवनीत चौधरी ने टीम का सम्मान किया। टीम के कप्तान दीक्षित का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया गया, वहीं मैन ऑफ द मैच देव तोमर को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। विद्यालय प्रबंधक विकास गुप्ता रॉकी कि पूज्य माताजी सुषमा ने विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार और प्रमाणपत्र वितरित किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य तोमर ने सभी खिलाड़ियों की मेहनत और अनुशासन की सराहना की और कहा कि लगातार मेहनत और प्रेरणा से कुछ भी हासिल किया जा सकता है और इतिहास को दोहराया। टीम के सदस्य मुकुल चौहान, देव तोमर (मैन ऑफ द मैच) आदित्य , अक्षित, कार्तिक, योगी गोला, उपलक्ष लंबा, वंश राजपूत, ललित व कैप्टन दीक्षित आदि विद्यालय के कोच निकेंद्र सिंह तोमर व सुरजीत सिंह देओल ने छात्रों की कठिन मेहनत, अनुशासन और टीम भावना की सराहना की. कोऑर्डिनेटर रूपा त्यागी ने भी छात्रों को प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर सभी छात्रों ने मिलकर टीम का उत्साहवर्धन किया, और पूरे विद्यालय ने विजेताओं का अभिनंदन करते हुए तालियों की गड़गड़ाहट से वातावरण को जीवंत बनाया। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया भी इस ऐतिहासिक क्षण को कवर करने के लिए उपस्थित थी। जेपी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आधुनिक विज्ञान और कंप्यूटर लैब्स, उच्च स्तरीय खेल का मैदान, अनुभवी शिक्षक और बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध हैं। विद्यालय प्रबंधक का मानना है कि ये सभी सुविधाएँ छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करने में मदद करती हैं। आज का यह जश्न सिर्फ एक ट्रॉफी या पुरस्कार का नहीं, बल्कि संघर्ष, समर्पण, टीमवर्क और अनुशासन की जीत का प्रतीक है। जेपी पब्लिक स्कूल ने यह साबित कर दिया कि जब छात्र और उनके मार्गदर्शक मिलकर मेहनत करते हैं, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता है।

# एक्स सर्विसमैन वेलफेयर एसोसिएशन तहसील चांदपुर ईकाई का हुआ गठन




वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर :** एक्स सर्विसमैन वेलफेयर एसोसिएशन तहसील चांदपुर ईकाई का हुआ गठन। चयन संगठन चुनाव सर्वसम्मति से सकुशल संपन्न हुआ।

मा. जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्र शर्मा व सम्मानित पूर्व सैनिको की सहमति से पूर्व सैनिक खिलेद्र सिंह तहसील अध्यक्ष चांदपुर, मुनेंद्र पाल सिंह तहसील संरक्षक, महिपाल सिंह तहसील सहसरंक्षक, चंद्रभान सिंह तहसील संयोजक, धीरजसिंह यादव तहसील सहसंयोजक, असरार महोम्मद तहसील सचिव, पंकज कौशिक को तहसील प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक में संगठन संरक्षक यशपाल सिंह, सह संरक्षक अरविंद लांबा, जिला महासचिव नरेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार यादव, देवेन्द्र कुमार संतोषी जिला संगठन मंत्री, कोषाध्यक्ष लवकुश कुमार, विधि सलाहकार एडवोकेट वीरेंद्र सिंह एवं सम्मानित पूर्व सैनिक बंधु उपस्थित रहे। सभी नवनियुक्त सम्मानित पदाधिकारीयों को उज्जवल कार्यकाल की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

# शिक्षकों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**नूरपुर :** स्योहारा रोड़ स्थित आर. आर. पब्लिक स्कूल में इंस्पायर मानक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में नूरपुर ब्लॉक क्षेत्र के सीबीएसई से सम्बद्ध करीब 10 स्कूलों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. निशांत कुमार एवं नोडल अधिकारी मित्र लाल गौतम रहे। उन्होंने क्षेत्र के समस्त प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं का पंजीकरण समय रहते अवश्य कराएं। क्योंकि अंतिम तिथि शीघ्र ही आने वाली है।दोनों अधिकारियों ने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इंस्पायर मानक योजना विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच और नवाचार क्षमता को निखारने का सुनहरा अवसर है। साथ ही उन्होंने कहा कि नवाचार ही आने वाले भारत की असली ताकत है। जब तक हमारे बच्चे प्रयोग नहीं करेंगे। वे नई खोजों तक नहीं पहुँच पाएंगे। इंस्पायर मानक योजना का मुख्य उद्देश्य यही है कि विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच और समस्या समाधान की क्षमता विकसित हो। यदि हम छात्रों को प्रोत्साहित करें और उन्हें भरपूर अवसर प्रदान करे तो न केवल वे अपने विद्यालय का बल्कि पूरे देश का नाम रोशन कर सकते हैं। क्योंकि आज का विद्यार्थी यदि छोटे-छोटे प्रयोगों से शुरूआत करता है तो वही भविष्य में बड़ा वैज्ञानिक, शोधकर्ता और उद्यमी बनकर भारत को नई दिशा दे सकता है। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने अतिथियों को पौधे भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन स्वाति यादव ने किया। कार्यशाला में निर्मल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य गौतम राजपूत, गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अवनीश कुमार, अक्ष इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य नवनीत चौधरी, वी. एस. एम. एकेडमी, रूट्स इंटरनेशनल स्कूल, चिल्ड्रन एकेडमी एवं आर. एस. एस. एकेडमी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने इस उपयोगी मार्गदर्शन से लाभान्वित होकर छात्रों को इस योजना से जोड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह, कपिल कुमार, अजय कुमार, रीता त्यागी चंचल कटारिया इत्यादि का विशेष योगदान रहा।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में नोएडा दिल्ली मेरठ ऋषिकेश और बिजनौर के प्रसिद्ध चिकित्सक आए

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**नगीना।** निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में आसपास के ग्रामों से आए 1080 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और दवाइयां वितरित की गई। स्वास्थ्य शिविर में नोएडा दिल्ली मेरठ ऋषिकेश और बिजनौर के प्रसिद्ध चिकित्सक आए थे।

थाना क्षेत्र के नहटौर मार्ग स्थित ग्राम हकीकतपुर गंगवाली में स्व0 श्री ओमप्रकाश सिंह प्रधान एवं स्व0 श्रीमति ओमवती देवी की स्मृति ( याद )में एक निशुल्क स्वास्थ्य मेले शिविर बृहस्पतिवार की सुबह 8:00 बजे से शाम 5 बजे तक लगाया गया, इस ऐतिहासिक स्वास्थ्य मेले में पखनपुर, गंगवाली, भुरापुर, नैनपुरा, सराय, पुट्टी पुठा, नगीना, नहटोर, पुरैनी समेत 10 ग्रामों के 1080 विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया साथ ही जिन रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया उन सभी को निशुल्क दवाइयां वितरीत की गई नेशनल मेडिकोज आगेर्नाइजेशन द्वारा, राजकीय मेडिकल कॉलेज बिजनौर, अककटर ऋषिकेश, छछफट मेरठ मेडिकल कॉलेज, ऋकटर ग्रेटर नोएडा, कल्याण सिंह राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय बुलन्दशहर के सहयोग से विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया, स्वास्थ्य मेले में हड्डी रोग विभाग, त्वचा रोग विभाग नाक कान एवं गला रोग विभाग, मनोचिकित्सा विभाग, बाल रोग विभाग दंत रोग विभाग, पलमोनरी मेडिसिन विभाग, सामान्य रोग विभाग, कैंसर रोग, एवं आंखों के डॉक्टर उपस्थित रहे। चिकित्सा चिकित्सा मेले में दिल्ली से डॉ. मनीष पांडे, डॉ. विनय कुमार, बिजनौर मेडिकल कॉलेज से प्रधानाचार्य डॉ. उर्मिला कार्यया, डॉ. अलका चौहान, डॉ. श्वेता सिंह, डॉ प्रीति चौहान, डा. रंजीत सिंह, डॉ निखिल कुमार सक्सेना, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. जतिन, ग्रेटर नोएडा से डॉ. निधिश, डॉ. विनय, डॉ. शगुन, कल्याण सिंह गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज बुलंदशहर, मेडिकल से डॉ. अभिषेक शर्मा डा. विनोद कुमार सिंह, अककटर ऋषिकेश से डॉ. संतोष एवं छछफट मेडिकल कॉलेज मेरठ से डॉ. अर्पित जैन डॉ. मीनाक्षी आदि सुप्रसिद्ध चिकित्सकों ने रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उनको स्वस्थ रहने के लिए सुझाव भी दिए।

# भाकियू ने स्मार्ट मीटर के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया

**टाण्डा।** भारतीय किसान यूनियन( टिकैत )ने गुरुवार को नगर में स्मार्ट मीटर के विरोध में एसडीएम राजकुमार भास्कर और विद्युत विभाग के एसडीओ शिवम सिंह को ज्ञापन सौंपा। यूनियन ने स्मार्ट मीटर योजना को तत्काल स्थगित करने और बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग की। ज्ञापन में भाकियू ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने से पहले बुनियादी ढांचे को दुरुस्त करना जरूरी है। जर्जर तारों, बार-बार बिजली कटौती और कम वोल्टेज की समस्या से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ता त्रस्त हैं। यूनियन ने बताया कि पुराने मीटरों में गलत बिलिंग और अधिक वसूली की शिकायतें अनसुलझी हैं, और अब स्मार्ट मीटरों से भी गलत रीडिंग की शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे उपभोक्ताओं का विश्वास बिजली विभाग पर कम हो रहा है। यूनियन ने मांग की कि स्मार्ट मीटर योजना को रोका जाए और जर्जर तारों को बदलने, ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाने व नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने पर ध्यान दिया जाए। चेतावनी दी गई कि समस्याओं का समाधान न हुआ तो उपभोक्ताओं का आर्थिक शोषण बढ़ेगा। भाकियू ने प्रशासन से अपील की कि उपभोक्ताओं के हित में स्मार्ट मीटर योजना को तब तक स्थगित किया जाए, जब तक बिजली व्यवस्था में सुधार और मीटर में गड़बड़ी की शिकायतों को दूर न कर दिया जाए। इस अवसर पर जिला सचिव साबिर अली,टाण्डा नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला,युवा नगर अध्यक्ष फरीद खां,मोहम्मद रफीक, पूरन सिंह,अब्दुल अलीम, निजामुद्दीन, मोहम्मद फैजान,मोहम्मद साकिब,मौलवी सबूर, रामकुंवर, रियासत अली और हसीन खां आदि मौजूद रहे।



# पुलिस 24 घंटे में हमलावरों को पकड़े

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का अल्टीमेटम

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**शोहरतगढ़ /सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के धनगढ़िया निवासी अतुल व मधवापुर निवासी अश्वनी उर्फ विक्की पर पुरानी रंजिश में रविवार रात हुए जानलेवा हमले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग तेज हो गई है। ब्राह्मण महासभा समेत अन्य लोगों ने शोहरतगढ़ पुलिस को 24 घंटे में गिरफ्तारी करने का अल्टीमेटम दिया है।

उन्होंने शोहरतगढ़ पुलिस पर दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए गिरफ्तारी न होने की दशा में एसपी ऑफिस पर धरने पर बैठने की बात कही। शोहरतगढ़ थानाक्षेत्र के पकड़ी चौराहे के आगे खेल मैदान के पास बीते रविवार देर शाम पुरानी रंजिश में धनगढ़िया निवासी अतुल पांडेय व मधवापुर निवासी अश्वनी उर्फ विक्की पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। शोहरतगढ़ पुलिस ने पीड़ित अतुल के बयान व पिता सहदेव पांडेय की तहरीर पर बुढ़नईया निवासी शीलू चौधरी, अनिल चौधरी और पकड़ी निवासी रंजीत चौधरी व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। जिसमें एक आरोपी की गिरफ्तारी भी हो गई लेकिन अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई।

बृहस्पतिवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष सुधीर पांडेय व विहिप के जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने शोहरतगढ़ थाने पहुंच कर थानाध्यक्ष संतोष तिवारी से सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।


थानाध्यक्ष ने साक्ष्य इकट्ठा होने के बाद गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया, जिससे मौजूद लोग नाराज हो गए। न्याय एक संकल्प के अध्यक्ष रामकृष्ण पांडेय ने पूछा कि जब एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया तो शेष को गिरफ्तार करने के लिए कौन सा साक्ष्य इकट्ठा किया जा रहा है। पुलिस पर राजनैतिक दबाव में आरोपियों की गिरफ्तारी न करने का आरोप लगाया।

## आज से श्री कृष्णा धाम शिकारपुर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा

**शिकारपुर।** श्री कृष्णा रानी सती ट्रस्ट शिकारपुर के तत्वावधान में श्री कृष्णा धाम शिकारपुर में संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा 12 सितंबर से 18 सितंबर तक आयोजन किया जा रहा है। जिसका अमृत वर्णन भागवत प्रवक्ता आचार्य तपिश भारद्वाज के मुखारविंद से होगा। 12 सितंबर को प्रातः 8:00 बजे कलश यात्रा निकल जाएगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि कथा का समय दोपहर 3:00 से 7 बजे तक 13 सितंबर को बाराह चरित्र कपिल देवहूति संवाद, 14 सितंबर को सती चरित्र धूप चरित्र अंजामिल उपख्यान, 15 सितंबर को गजेंद्र मोक्ष वामन चरित्र राम कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव 16 सितंबर को बाल लीला में गोवर्धन पूजा छप्पन भोग, 17 सितंबर मथुरा गमन उदव चरित्र रुक्मणी विवाह, 18 सितंबर को द्वारका लीला भागवत धर्म विश्व सुदामा चरित्र, 19 सितंबर को पूर्ण आहुति व भंडारा दोपहर 11:00 बजे से होगा।

# नि:स्वार्थ कार्यों से समाज में नई मिसाल कायम कर रहे: अमय पाण्डेय

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**बांसी/सिद्धार्थनगर।** आज के दौर में जहाँ अधिकांश युवा अपनी व्यस्तताओं में खोकर सामाजिक दायित्वों को नजरअंदाज कर देते हैं, वहीं बांसी निवासी युवा समाजसेवी अमय पाण्डेय अपने निस्वार्थ कार्यों और जज्बे से समाज में नई मिसाल कायम कर रहे हैं। उनकी लोकप्रियता दिन-प्रतिदिन इस कदर बढ़ रही है कि वे न केवल बांसी तहसील बल्कि पूरे जिले के युवाओं के आईकॉन बन चुके हैं। श्री पाण्डेय समाज के शोषित और पीड़ित वर्ग की आवाज बुलंद करने में हमेशा आगे रहते हैं। किसी की आर्थिक तंगी हो, इलाज की समस्या हो या फिर शिक्षा में मदद की जरूरत वे हर मौके पर तत्परता से खड़े मिलते हैं। जरूरतमंदों की मदद करना अब उनके जीवन की आदत बन चुकी है। अनाथ बच्चों की शिक्षा और भोजन की व्यवस्था करना हो या गरीब परिवारों के बीच आवश्यक सामग्री बाँटना अमय पाण्डेय ने कभी भी मदद का हाथ पीछे नहीं खींचा। उनके प्रयासों से कई परिवारों को संबल मिला है। यही वजह है कि लोग उन्हें अपने बेटे, भाई और साथी के रूप में देख रहे हैं।

हाल ही में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा ने उनकी लोकप्रियता को और ऊँचाई दी। युवा समाजसेवी अमय पाण्डेय के आह्वान पर हजारों की संख्या में युवा सड़कों पर उतरे और हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जयकारे लगाते नजर आए। बांसी की गलियों और चौक-चौराहों पर उमड़े जनसैलाब को देखकर हर किसी का सीना गर्व से चौड़ा हो गया।

अमय पाण्डेय का व्यक्तित्व आज जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन चुका है। उनकी सादगी, संवेदनशीलता और निस्वार्थ भाव से किया गया सामाजिक योगदान लोगों को यह विश्वास दिलाता है कि बदलाव केवल बड़े मंचों से नहीं, बल्कि छोटे-छोटे नेक कार्यों से भी लाया जा सकता है। गाँव के बुजुर्गों का कहना है अमय पाण्डेय जैसे युवक अगर हर गाँव से निकलें तो समाज की तस्वीर बदलने में देर नहीं लगेगी।

# भारत-नेपाल सीमा पर सतर्कता: एसएसबी ने नाबालिग लड़की को मानव तस्करी से बचाया

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**ककरहवा/सिद्धार्थनगर।** एसएसबी 43वीं वाहिनी सीमा चौकी ककरहवा की टीम ने गुरुवार को बार्डर पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को एक नाबालिग लड़की के साथ पकड़ा। एसएसबी जवानों ने युवक के साथ एक नाबालिग लड़की को दैखा। पूछताछ में पता चला कि युवक लड़की को भारत से नेपाल लेकर जा रहा था। एसएसबी 43वीं वाहिनी के जवानों ने संदेह होने पर दोनों को रोका।लड़की से उसके परिजनों का संपर्क नंबर मांगा गया। वह नंबर नहीं दे पाई।उसके परिजनों से संपर्क नहीं हो पाया। चुकी लड़की नाबालिक थी जिसे युवक बहलाकर नेपाल ले जा रहा था जो मानव तस्करी जैसे कृत्य का शिकार हो सकती थी। इसके बाद चेकपोस्ट कमांडर ने मानव सेवा संस्थान ककरहवा, मानव तस्कर रोधी इकाई और उत्तर प्रदेश पुलिस को सूचित किया। नाबालिग लड़की और आरोपी को अळ्ळव 66वीं वाहिनी और टरर (ठऋड) की मौजूदगी में उत्तर प्रदेश पुलिस को सौंप दिया गया। ररइ की 43वीं वाहिनी भारत-नेपाल सीमा पर मानव तस्करी, नशीली दवाओं, अवैध मुद्रा और वन्य जीव तस्करी रोकने का काम करती है।

# पाँच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण के द्वितीय बैच का हुआ समापन



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** ब्लॉक संसाधन केंद्र कांधरपुर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी क्यारा पूरन सिंह के निर्देशन में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण का गुरुवार को समापन हो गया। एफएलएन प्रशिक्षण के इस बैच के पाँचवें दिन भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस), बहुविषयक दृष्टिकोण व अंग्रेजी भाषा के सत्रों पर संदर्भदाताओं द्वारा विस्तार से प्रतिभागियों के साथ चर्चा की गई। प्रशिक्षण का मुख्य विषय भारतीय ज्ञान प्रणाली के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को जोड़कर शिक्षण से जुड़ी चुनौतियों को बेहतर ढंग से कैसे हल किया जाए इस पर भी चर्चा की गई। ब्लॉक क्यारा के अलग अलग विद्यालयों से आए लगभग 50 शिक्षक-शिक्षामित्रों के साथ एआरपी डॉ डी पी एस यादव, प्रियंका गुप्ता ने विशेष रूप से प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों द्वारा मॉड्यूल पर की गई चर्चा को लेकर अपने अपने प्रस्तुतीकरण एवं गतिविधियों द्वारा रोचकता प्रदान की गयी। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण में मुख्य रूप से धर्मेंद्र पटेल, विजय सिंह, ज्योति कनौजिया, संगीता, निधि शर्मा, कल्पना, रिजवाना, प्रीति, रेखा, पूजा, रजी हुसैन, राजेश्वर सिंह ने प्रतिभागियों के रूप में तथा संदर्भदाताओं के रूप में लक्ष्मन दत्त शर्मा, ब्रिजेश सिंह सोलंकी, मृदुला गंगवार, राजबाला एवं सभी संदर्भदाताओं द्वारा प्रतिभागियों को समूह में बाँटकर प्रशिक्षण को रोचक ढंग से पूर्ण कराया गया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी क्यारा पूरन सिंह ने सभी संदर्भदाताओं को प्रशिक्षण को बेहतर ढंग से पूर्ण कराने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

# मामूली से विवाद में युवक की चाकुओं से गोदकर की गई हत्या

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** बारात में खाने को लेकर हुए मामूली से विवाद ने जानलेवा रूप ले लिया। बहेड़ी बाईपास पर सरेराह एक युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि तीन लोगों ने मिलकर पहले हाथापाई की और फिर चाकुओं से हमला कर दिया। जिसके बाद घायल युवक को अस्पताल ले जाते समय उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों की तरफ से बहेड़ी थाने में तहरीर दे दी गई है। जिसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार थाना बहेड़ी के नूरी नगर निवासी कमल हसन ने बताया है कि उनका 23 वर्षीय साला शोएब उर्फ शानू पुत्र मेहदी हसन अपने भाई के साले जलीस की शादी में शामिल होने गया था। बारात बहेड़ी के बाईपास पर गई थी। यहीं खाने को लेकर जुनैद, शकील और एक अन्य से विवाद हो गया।

आरोप है कि तीनों ने शोएब को घेर लिया। शकील ने अपने साथी की मदद से उसको पकड़ रखा था, जबकि जुनैद ने ताबड़तोड़ चाकू से वार किए। घायल शोएब को राहगीरों की मदद से अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को घटना की तहरीर दे दी है। तहरीर में मृतक के परिजनों की तरफ से तीन नामजद आरोपियों का जिक्र किया गया है। इस घटना को लेकर पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। परिजनों के मुताबिक कुछ महीने पहले ही शोएब की बहेड़ी की रहने वाली एक युवती से शादी तय हुई थी। घर में जहाँ कुछ महीनों बाद शोएब की शादी की तैयारियाँ शुरू होनी थीं, अब उस घर में मातम पसरा हुआ है।

## बिजली विभाग की लापरवाही

# जमीन पर लटके तारों के टूटने से बाल बाल बची किशोरी, गांव में विभाग को लेकर आक्रोश

वेलकम इंडिया/खालिद खान



**बरेली।** बहेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम आदलपुर के ग्रामीणों ने रोड पर नीचे लटकते बिजली के तारों को ठीक कराने को लेकर विजली विभाग के अधिशासी अभियंता चमन प्रकाश को ज्ञापन दिया है। जिसमें ग्रामीणों ने कहा है कि शेरगढ़ मार्ग से उनके गांव को जा रही विद्युत लाइन के तार नीचे लटके हुए है और जर जर हालत में है। आए दिन ये तार टूटकर गिरते रहते हैं।

जिससे ग्रामीणों को बार-बार ट्रिपिंग की समस्या का सामना करना पड़ता है। गांव के बबर सिंह व अन्य लोगों ने बताया है कि पिछले साल इन्हीं जर-जर तारों की वजह से एक बच्चा शुभम पुत्र सुनील कश्यप इनकी चपेट में आ गया था, जिसे पास में बैठे लोगों ने कुर्सी की मदद से तारों से अलग किया था, नही तो उस बच्चे की जान भी जा सकती थी। बुधवार को भी पुष्पा नाम की एक लड़की के एक कदम दूरी पर तार टूटकर गिरा, जिससे वह इसकी चपेट में आने से बाल बाल बच गई।

विद्युत विभाग की इस गंभीर लापरवाही से लगातार ग्राम वासियों पर खतरा मडरा रहा है। ग्रामीणों ने बताया है कि इस से पहले हम लोगों ने अवर अभियंता मोहम्मद शेरवली और लाइनमैन सलीम को बार बार अवगत कराया था कि यहां पर इन बिजली के तारों की वजह से ग्रामीणों के लिए खतरा है। लेकिन अभी तक हमारी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। इस पूरे मामले को लेकर ग्राम आदलपुर के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे जिन्होंने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वाले ग्रामीणों में बबर सिंह, महेश कुमार, रामचरन, योगेंद्र सिंह, राकेश, थान सिंह, मोहनलाल बाबा जी, महेंद्रपाल, राकेश कुमार, विश्वास शर्मा प्रधान आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# बिना टेट वाले पुराने शिक्षकों के ही शिष्य हैं सभी अधिकारी और कर्मचारी: कलीमुल्लाह

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई द्वारा प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) लागू होने से पहले के नियुक्त सभी शिक्षकों के लिए टेट की बाध्यता को समाप्त करने हेतु अधिनियम को संशोधित एवं सर्वोच्च न्यायालय द्वारा हाल ही में दिए गए फैसले पर पुनर्विचार याचिका दाखिल करने की मांग को लेकर जिला अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री और मानव संसाधन विकास मंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव को दिया।

धरने की संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र ने कहा कि शासन द्वारा समयझसमय हुई सभी शिक्षक की नियुक्ति में सभी शिक्षकों ने निर्धारित अहताएँ पूरी करके ही नियुक्ति पाई है, लेकिन आज एक संशोधित विधेयक से और सर्वोच्च न्यायालय के हाल ही में दिए गए एक फैसले से लाखों पुराने शिक्षकों की नौकरी पर सवाल खड़ा हो गया है। पुराने शिक्षकों के अनुभव को नजर अंदाज करके टेट पास करने की बाध्यता से शिक्षकों में असुरक्षा एवं असंतोष व्याप्त है, और सभी शिक्षक नित नए नियम से भविष्य को लेकर अवसाद की स्थिति में हैं। इसलिए केन्द्र सरकार को चाहिए कि एक विधेयक लाकर टेट लागू होने के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी मुक्त संबंधी संशोधित विधेयक लाकर तथा पुनर्विचार याचिका दाखिल कर उनके सम्मान और सेवा शर्तों की सुरक्षा करनी चाहिए।

जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने कहा कि आज जितने भी अधिकारी और कर्मचारी हैं वह बिना टेट वाले शिक्षकों के ही शिष्य हैं। जिला कोषाध्यक्ष मस्तराम चौधरी ने कहा कि आज हम पूरे प्रदेश के शिक्षक जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दे रहे हैं, यदि हमारी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो हम 13 से 26 सितंबर तक अपनेझअपने सांसदों के माध्यम से प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री को ज्ञापन देंगे, फिर भी हमारी मांगें नहीं मानी गई तो हम देश की राजधानी दिल्ली में विशाल धरना प्रदर्शन करके अपने मांगों को मानने हेतु सरकार को विवश करेंगे।

इस दौरान धरना मे शामिल अयोध्या प्रसाद, सतीश चन्द्र त्रिपाठी, शहाब मजरूह, संजय कन्नौजिया, कृष्ण करुणाकर त्रिपाठी, जुबैर अहमद उस्मानी, लाल चन्द्र वरुण, राम सेवक, अब्दुल अजीज, वरुणेंद्र राय, संजय आनन्द, रामसेवक आदि रहे।

# कांग्रेसियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, थाने पर धरना प्रदर्शन



वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी दौरे से पहले पुलिस ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल सहित कई पदाधिकारियों को मिजार्मुराद थाने में नजरबंद कर दिया। इस कार्रवाई के पीछे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय द्वारा पीएम के दौरे के दौरान विरोध प्रदर्शन की घोषणा है।

जिलाध्यक्ष पटेल ने बताया कि बुधवार रात एक कार्यक्रम के दौरान मडुआडीह थाना प्रभारी ने उन्हें फोन कर बुलाया। उन्हें मडुआडीह की बजाय जिले के अंतिम छोर पर स्थित मिजार्मुराद में ले जाकर नजरबंद किया गया।नजरबंदी की खबर मिलते ही गुरुवार दोपहर 12 बजे सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मिजार्मुराद थाने पहुंचे।

कार्यकताओं ने भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर राजीव कुमार गौतम, आनंद सिंह रिंकू, संतोष कुमार मौर्या, जिला महासचिव अमरेश पटेल, गोपाल पटेल, केशव प्रसाद वर्मा, राम श्रृंगार पटेल, अख्तर अंसारी और प्रवीण कुमार सिंह मौजूद रहे।

# हैदरी दल का सरगना अकबर अली गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/सूरज मौर्य




**बरेली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए धार्मिक उन्माद फैलाने और फर्जी खबरें वायरल करने वाले 'हैदरी दल' के मास्टरमाइंड अकबर अली को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अपने यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम अकाउंट्स के जरिए लगातार समाज में नफरत फैलाने और शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश कर रहा था।

पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया है, जिससे वह यह सभी अकाउंट्स संचालित करता था। एसपी सिटी मानुष पारीक ने गुरुवार को प्रेसवार्ता में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस को काफी समय से 'हैदरी दल' नाम के इंस्टाग्राम और यूट्यूब चैनलों से भड़काऊ और आपत्तिजनक कंटेंट पोस्ट किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। जांच के दौरान साइबर टीम ने अकाउंट्स को ट्रेस किया, जिसकी लोकेशन मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के पास पाई गई। बरेली पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश देकर अकबर अली को पांढुर्ना से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी अपने इंस्टाग्राम और यूट्यूब चैनलों पर धार्मिक उन्माद भड़काने वाले वीडियो, महिलाओं से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री, तथा फर्जी न्यूज वीडियो पोस्ट कर रहा था। अकबर अली इन वीडियो को खुद एडिट करता और फिर न्यूज रिपोर्ट जैसा रूप देकर वायरल करता था। इससे लोग भ्रमित हो जाते और समाज में तनाव फैलने की आशंका बनी रहती थी। आरोपी अकबर अली मूल रूप से उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले का निवासी है। इस कार्रवाई में निरीक्षक लव सिरोही, उपनिरीक्षक गुरमीत तौमर, कांस्टेबल राजन कुमार और निशांत मलिक की टीम शामिल रही। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया है कि सोशल मीडिया पर इस प्रकार की आपत्तिजनक गतिविधियों की निगरानी की जा रही है। आम जनता से अपील की गई है कि किसी भी भड़काऊ या फर्जी कंटेंट को न फैलाएं और ऐसी जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

## बाबा साहब को अभद्र भाषा का प्रयोग कर युवक ने वीडियो फेसबुक पर किया वायरल रिपोर्ट दर्ज

**शिकारपुर।** सलेमपुर थाना क्षेत्र के गांव खलीलपुर राठ गांव में भारत के संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर पर गांव के ही एक युवक द्वारा अभद्रता भरी वीडियो बनाकर अपनी फेसबुक अकाउंट पर वायरल कर दी जिससे दलित समाज के लोगों की भावना आहत हुई है। ग्राम प्रधान ने उक्त युवक के खिलाफ थाने में नामजद तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया है कि पुलिस ने आरोपी युवक अतुल के खिलाफ तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है पुलिस द्वारा जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। आरोपी युवक के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# शिक्षकों ने टीईटी के विरोध को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को बरेली के दामोदर स्वरूप पार्क में पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर तले जनपद बरेली के तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं एकत्र हुए और सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए समस्त शिक्षकों पर टेट की अनिवार्यता के निर्णय को लेकर आंदोलन का बिगुल फूंका।

मंच से बोलते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गंगवार ने कहा कि यह अब शिक्षकों के स्वाभिमान और अस्तित्व की लड़ाई है और इस लड़ाई में समस्त शिक्षक हर तरीके से सुप्रीम कोर्ट और सरकार को अपना निर्णय बदलने के लिए मजबूर करेंगे। इसी संबंध में संघ के मंडलीय लेखाकार राकेश मिश्रा ने कहा कि अब सारे शिक्षक एकत्र होकर सरकार के काले कानून और सुप्रीम कोर्ट के अवैध निर्णय के विरुद्ध एकजुट होकर आंदोलन करें और सरकार और सुप्रीम कोर्ट को अपना निर्णय बदलने के लिए मजबूर कर दें।

इस अवसर पर महेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा इस लड़ाई में शिक्षकों को कदम से कदम मिलाकर साथ चलना होगा और सरकार को झुकाना होगा साथ ही सुप्रीम कोर्ट को भी अपना निर्णय वापस करना होगा। इस अवसर पर दामोदर स्वरूप पार्क में भारी संख्या में शिक्षकों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रशासन की तरफ से सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री शिक्षकों के बीच पहुंचे जिसके बाद शिक्षकों ने उन्हे ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गजेंद्र पाल गंगवार मंडल उपाध्यक्ष, लेखराज गंगवार, अभिनय कुमार, सुंदरलाल सागर, राजपाल गंगवार, महामंत्री, अफजाल अहमद जिला उपाध्यक्ष, राजेश मिश्रा, नलिन कुमार रस्तोगी, नरेश गंगवार, के सी पटेल, राजीव लोचन शर्मा, अरविंद कुमार, भगवत शरण साहू, देवेंद्र पाल सिंह चौहान आदि के साथ सैकड़ो शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# टीईटी के विरोध में शिक्षकों का उमड़ा सैलाब

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्ति पा चुके शिक्षकों के लिए भी टीईटी अनिवार्य करने के निर्णय के विरोध में जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष योगेश त्यागी के आह्वान पर जिले के हजारों शिक्षकों ने प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार को दिया।

जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अतुल सारस्वत? ने शिक्षकों के हुजूम को संबोधित करते हुए कहा कि सभी शिक्षक आरटीई से पूर्व की न्यूनतम योग्यता को पूरा करते हैं और इस तरह के काले कानून को लागू करने का विरोध किया जाएगा। प्रांतीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र सारस्वत ने कहा कि एनसीटीई में जिस संशोधन के आधार पर न्यायालय द्वारा जो फैसला दिया गया है उसे निरस्त करने के लिए

■ जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ व प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले पीएम, मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

ही यह विरोध किया जा रहा है। महामंत्री ठा. लक्ष्मीनारायण व कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि इस नियम को निरस्त कराने के लिए यदि संसद तक घेराव करना पड़ा तो भी शिक्षक करेंगे।

धरने को मांडलिक अध्यक्ष नृत्यगोपाल दुबे, बदन सिंह यादव, राजेन्द्र छौंकर, अरविन्द सारस्वत, देवेन्द्र कौशिक, लोकेन्द्र मिश्रा, राजकुमार शर्मा, हेमन्त शर्मा, राजीव पचौरी, संजीव यादव, राजेश चौधरी, कृष्णकुमार चौधरी, भगवान सिंह, नीलम गौड़, सुषेन्द्र मित्तल, नंदकिशोर गुधैनिया, शिवकुमार पचौरी, हरीश चौधरी, सुजीत वर्मा आदि पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

कार्यक्रम में कृष्ण कुमार सारस्वत, मुरारी लाल शर्मा, मोनिका




शुक्ला, बृजबीर भरंगर, शैलेंद्र वार्ष्णेय, योगेंद्र गौतम, कंचन मेहता, सीमा सिंह, शक्ति सिंह, विजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र कुमार, नीलू रानी, रीना अग्रवाल, शैलेंद्र कुमार शर्मा, महिला शिक्षा संघ की मंत्री प्रीति भटनागर, पूनम गर्ग, खजान सिंह, ओम प्रकाश, मुकुंदमणि, अश्विनी, विपिन सिंह, योगेंद्र सिकरवार, शिखा मिश्रा, प्रदीपिका फौजदार, आरती अत्री, माला रानी, रविता चित्रकार, शैली

### प्राथमिक शिक्षक संघ ने भी किया प्रति भाग

आरटीई एक्ट लागू करने से पूर्व के शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य करने के विरोध में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष सुशील पांडेय के निर्देश पर प्राथमिक शिक्षक संघ ने भी पीएम समेत मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष लोकेश गोस्वामी व मंत्री बलवीर सिंह के नेतृत्व में हजारों शिक्षकों के साथ सिटी मजिस्ट्रेट को दिए ज्ञापन में शिक्षकों ने इसे उत्पीड़न करने की कार्यवाही बताते हुए वापस लेने की मांग की। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरव यादव, सुधीर सोलंकी, रमाकांत शर्मा, उपेन्द्र पांडेय, जयपाल सिंह, दिनेश चौधरी, वीरेन्द्र चौधरी, प्रेम प्रकाश सारस्वत, विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर के अध्यक्ष रविन्द्र चौधरी, जितेन्द्र जोशी, हरीश शर्मा, जितेन्द्र वर्मा, जावेद अली तंवर, श्री गोपाल, रवि गौतम, ललित चौधरी, मंजू चौधरी, ऐश्वर्या शर्मा, देवेन्द्र गुड्डा, अवधेश सारस्वत, कौशल किशोर गौतम, अशोक परिहार, नीरज जैन, अनिता, नीलू, शीतल शर्मा, प्रेमकिशोर शर्मा आदि उपस्थित रहे। महिला शिक्षक ?संघ व अटेवा आदि संगठनों ने भी समर्थन देते हुए ज्ञापन कार्यक्रम में प्रति भाग किया।

# अजगर निकलने से अग्रवाल कॉलोनी में मचा हडकंप

वेलकम इंडिया

**मथुरा/कोसीकलां।** नंदगांव रोड स्थित अग्रवाल कालोनी में खाली पडी जगह में रखे एक विटोरा में लंबा अजगर निकलने से कालोनी वासियों में दहषत फैल गयी। आनन फानन में कालोनी के लोगों ने वनविभाग को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारी ने अजगर को पकडकर कटटे में डाल अपने साथ ले गया। तब कही जार लोगों ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार नगर के नंदगाव रोड पर अग्रवाल कालोनी में एक व्यक्ति ने खाली पडी जगह में विटोरा (उपले रखने वाला) रख रखा है। गुरूवार को जब घर की महिला विटोरा से उपला निकालने गई इसी दौरान उसे विटोरा में एक सांप होने का अहसास हुआ। महिला ने मामले की जानकारी अपने



परिजनों को दी। परिजनों ने मौके पर जाकर देखा तो उन्हें भी लगा कि इसके अंदर सांप है। सांप होने की खबर परिजनों ने वनविभाग को दी। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारी को देख कालोनी में लोगों का हुजूम इक्टठा हो गया। विभागीय कर्मचारी ने अपने यंत्रों से जैसे ही विटोरा को कुरेदा इसी दौरान उसमें एक अगजर दिखाई दिया। अजगर होने की सूचना से लोगों में दहशत में आ गए।

# समाजसेवी भूरा की टीम ने पीड़ितों को बांटा भोजन



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** भाकियू नेता समाज सेवी भूरा पहलवान ने गुरुवार को अपनी सिहोरा की टीम के साथ लगातार तीसरे दिन लक्ष्मी नगर स्थित तैयापुर, ईसापुर, डेंगरा, रसखान नगरी, नगला चिंरजीव, जमुना पुल एवं श्री कुंज के बाद कोयला अलीपुर, श्री कुंज, कांसीराम, सपेरा नगला, जाटव बस्ती, जमुना सिटी, गंगा सिटी में बाढ़ पीड़ितों तक पानी में घुसकर घर - घर खाद्य सामग्री बांटी।

भाकियू नेता भूरा पहलवान ने बताया कि उन्होंने ग्राम पंचायत सिहोरा और आस पास के क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों की मदद करने की अपील की थी जिसमें ग्राम पंचायत सिहोरा के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। किसान नेता जे एस जाट ने कहा कि राजनेताओं को फोटो खिंचाने के बजाय जमीनी स्तर पर बाढ़ पीड़ित गरीबों की मदद करनी चाहिए, ऐसी परिस्थिति में मथुरा में दो नेता आपस में झगड़ रहे हैं ये दुर्भाग्य पूर्ण हैं ।संचारी रोगों से बचने के लिए जिला प्रशासन को दवाई का इंतजाम बाढ़ क्षेत्र में आवश्यक रूप से करना चाहिए। किसान नेता प्रेम पाल भरंगर ने कहा कि आगे भी अनवरत रूप से बाढ़ पीड़ितों की मदद जारी रहेगी। भूरा पहलवान ने मीडिया के माध्यम से सामाजिक संस्थान और क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी को जिला प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बाढ़ पीड़ितों की मदद करनी चाहिए तथा उत्तर प्रदेश सरकार से भी बाढ़ ग्रस्त किसानों को उचित मुआवजा राशि देने की अपील की। इस दौरान भूरा पहलवान, जे एस जाट, प्रेमपाल भरंगर, वीरपाल, भीमा चौधरी, मुनिया, गिरीश पंडित, दयाल सिंह, देव चौधरी, अशोक, रामवीर यादव, मुकेश, जीतू जोशी एवं ग्राम पंचायत सिहोरा के सभी लोग मदद करने में जुटे रहे।

# थाना जहांगीरपुरी पुलिस ने डकैती का मामला सुलझाया लूटा माल बरामद

वेलकम इंडिया एहसान अंसारी

**नई दिल्ली।** थाना जहांगीरपुरी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो लुटेरों को गिरफ़्तार किया। उनकी पहचान इस प्रकार हुईः (1) जामिल उर्फ़ टिया, पुत्र शेख इस्लाम, निवासी सी-ब्लॉक, जहांगीरपुरी, दिल्ली, आयु-25 वर्ष तथा (2) मोइनुद्दीन उर्फ़ चूहा, पुत्र शेख इस्लाम, निवासी सी-ब्लॉक, जहांगीरपुरी, दिल्ली, आयु-30 वर्ष। गिरफ़्तारी के दौरान उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक चाकू और शिकायतकर्ता का एक कान का बुंदा बरामद किया गया। दोनों अभियुक्त पहले भी डकैती, झपटमारी, चोरी, हथियार अधिनियम और घरफोड़ मामलों में 15 बार शामिल पाए गए। वे त्वरित और आसान पैसे कमाने के लिए अपराध



की ओर मुड़ गए।

घटना का संक्षिप्त विवरण

दिनांक 07.09.2025 को लगभग 06:30 बजे शिकायतकर्ता सुनील (आयु 34 वर्ष), पुत्र स्व. राम सागर, निवासी के-ब्लॉक, जहांगीरपुरी, दिल्ली सब्जी खरीदने अंबेडकर पार्क, सब्जी मंडी रोड, सीडी पार्क, जहांगीरपुरी पहुँचे थे। वहां अभियुक्त जमी? उर्फ़ टिया ने उन्हें बुलाया और दो साथियों सहित पार्क के भीतर ले गया। वहां एक साथी ने शिकायतकर्ता की गर्दन पीछे से दबोच ली, जबकि अभियुक्त जमी? उर्फ़ टिया ने चाकू दिखाकर धमकाया और कीमती सामान मांगा। तीसरे साथी ने उनकी जेबें टटोलकर आसमानी रंग का मोबाइल फोन और ?730 नकद छीन लिया। साथ ही, जमी? उर्फ़ टिया ने शिकायतकर्ता के बाएँ कान से सोने का बुंदा जबरन खींच लिया, जिससे चोट आई। इसके बाद अभियुक्तों ने शिकायतकर्ता को जमीन पर धक्का देकर गिरा दिया और मौके से फरार हो गए।

इस संबंध में थाना जहांगीरपुरी में एफआईआर संख्या 823/25, दिनांक 07.09.25, धारा 309(4)/309(6)/311/3(5) बीएनएस दर्ज की गई और जांच आरंभ की गई।

घटना की गंभीरता और अपराध की प्रकृति को देखते हुए थाना जहांगीरपुरी की एक विशेष टीम गठित की गई, जिसमें एसआई दीपक कुमार, मुख्य सिपाही नित्यानंद, मुख्य सिपाही दिनेश, मुख्य सिपाही रविंदर एवं सिपाही अनिल शामिल थे। यह टीम थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर सतविंदर सिंह तथा एसीपी/जहांगीरपुरी श्री योगेंद्र खोखर के करीबी पर्यवेक्षण में कार्यरत रही।

# ग्राहक बुलाने को लेकर चिकित्सकों में हुई जमकर मारपीट

**औरंगाबाद/ बुलंदशहर ।** एक मरीज (ग्राहक) को बुलाने को लेकर दो तीन चिकित्सक आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। क्लीनिकों में तोड़फोड़ हुई। बबाल की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों के पांच लोगों को हिरासत में ले लिया ।दो घायलों की डाक्टरी कराई गई। रिपोर्ट अभी दर्ज नहीं हुई है। औरंगाबाद में अपने किस्म का अजब मामला प्रकाश में आया। गुरुवार को चरौरा मुस्तफाबाद निवासी एक युवक जहांगीराबाद रोड पर पैंठ वाली गली में एक चश्में वाले की दुकान पर आंख दिखाने पहुंचा। आरोप है कि सामने वाले दुकानदार ने उस मरीज को इशारा करते हुए आवाज देकर अपनी दुकान पर बुला लिया। इसी बात को लेकर दोनों तथाकथित चिकित्सक आपस में गाली गलौज करते हुए भिड गए।

# विधायक आले मोहम्मद इकबाल ने शहतारा बारात घर के कार्य का उद्घाटन किया



वेलकम इंडिया एहसान अंसारी

**नई दिल्ली।** मटिया महल विधानसभा के आप पार्टी के विधायक आले मोहम्मद इकबाल से आवाम लगातार मांग कर रहे थे बारात घर के लिए , विधायक ने वादा किया था कि यहां की आवाम के लिए ये कार्य जरूर किया जायेगा, शहतारा बारात घर के कार्य का उद्घाटन कर दिया गया, विधायक ने कहा जो वादा किया था वो वादा पूरा किया हू, लगातार आवाम की मांग पर यह बारात घर का कार्य का उद्घाटन कर दिया हु, यह काम अगले 3 महीने तक चलेगा जिसके बाद गली गली शहतारा घर एक नई सूरत में नजर आएगा, इस मौके पर इलाके के बड़ी तादाद में मौजूद रहे। विधायक ने कहा हमारे गुरु हमारे पिता पूर्व विधायक शोएब इकबाल साहब का बहुत बड़ा योगदान रहा इस कार्य के लिए, वो हमें समाज में अच्छे कार्य के लिए हर दिन प्रेरित करते है ।

# पुरानी रंजिश को लेकर वृद्ध दंपति के साथ मारपीट



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में प्लांट विवाद को लेकर चल रही रंजिश के चलते कई लोगों ने वृद्ध दंपति के साथ मारपीट कर दी पीडित दंपति ने थाने पहुंच कर तहरीर देकर कारवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी सुक्का एंव उसकी पत्नी राजेश ने गुरुवार को थाने पहुंचकर बताया कि उनके मकान के बराबर में खाली प्लाट पड़ा हुआ है। प्लांट पर कई लोगों ने कब्जा करने की नीयत से निर्माण कार्य कर दिया था जिसका विवाद कोर्ट में विचाराधीन है। मामला कोर्ट में विचाराधीन होने के बावजूद भी आरोपी आए दिन पीड़ित व उसके परिवार से रंजिश रखते भी है मारपीट करते रहते हैं। आरोप है कि गुरुवार को आरोपियों ने खाली पड़े प्लाट में निर्माण कार्य करना शुरू कर दिया या पीड़ित व उसकी पत्नी ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट करते हुए उसकी पत्नी राजेश को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीडित दंपति ने अपना डाक्टरी परीक्षण करने के बाद थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि आरोपी मामले में समझौता करने का भी दबाव बना रहे हैं। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# पुलिस ने दो तस्करों को जायलो सग पकड़ा

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ़।** मान्धाता थाना पुलिस ने बडी सफलता हासिल करते हुए अलग अलग जगहो से तस्करो को गिरफ्तार किया । जो मान्धाता पुलिस की नशा बेचने वालो के विरुद्ध बडी सफलता है।

जनपद प्रतापगढ़ के पुलिस कप्तान अनिल कुमार के सख्त निदेशों से प्रत्येक थाने की पुलिस पूरी तरह एक्टिव है ।इसी क्रम मे मान्धाता थाना पुलिस ने बृजेश सिह उर्फ साधू से गजेहडी पुल के पास वाहन चेकिंग के दौरान पच्चीस किलो तीन सौ ग्राम गाजा और एक जायलो कार को पकडा ।तो वही अक्षय पटेल नाम के तस्कर से ढेकाही पुलिया के पास से एक किलो तीन सौ पचास ग्राम गाजा पकडा। पकडे जाने पर तस्कर साधू सिह ने कहा कि ये तम्बाकू है लेकिन?



सख्ती के बाद उसने स्वीकार किया वह गाजा का व्यापार करता है ।तो वही दूसरे तस्कर अक्षर पटेल ने कहा कि वह गाव गाव घूमकर गाजा बेचता है।

मान्धाता पुलिस के द्वारा पकडे गये दोनो तस्करो? मे से एक साधू सिह पर पहले एन डी पी एस एक्ट का मुकदमा दर्ज है ।जहा आज गिरफ्तार दोनो अभियुक्तो पर एन डी पी एस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।

इन गाजा तस्करो को मान्धाता पुलिस की सयुक्त टीम ने पकडने मे सफलता पायी ।जिसका नेतृत्व थाना प्रभारी अरविन्द सिह और उपनिरीक्षक हेमन्त वर्मा ने किया।

# मगरमच्छ दिखाई देने से गांव में मची अफरातफरी

**पहासू/बुलंदशहर।** पहासू कस्बा के गांव अटेरना में गांव से सटे रजवाहे की पटरी पर मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। बीती रात दिखाई दिए मगरमच्छ का कुछ लोगों ने वीडियो भी बना लिया। वीडियो के देखने के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है ।सुरक्षा को देखते हुए ग्रामीणों ने एक दूसरे को राजवाहे तथा तालाब के किनारे नहीं जाने की हिदायत दी है ।बच्चो को घर में ही रहने को कहा गया है ।खुर्जा के वन क्षेत्राधिकारी आदित्य सिंह ने बताया कि गांव में मगरमच्छ दिखाई देने की सूचना पर टीम को जांच के लिए भेजा गया है। टीम ने रात और सुबह मगरमच्छ की तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है ।वन विभाग की टीम ने हाल ही में गांव हीरापुर के राजवाहे में मगरमच्छ को पकड़कर नरौरा छोड़ा गया है ।फिलहाल मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

# अपहरणकर्ता गिरफ्तार युवती को बरामद किया



वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को रखौना रिंग रोड के पास से वाहन चेकिंग के दौरान अपहरणकर्ता को गिरफ्तार करते हुए युवती को बरामद कर ली।

मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि करधना चौकी प्रभारी अजीत कुमार मिश्रा फोर्स के साथ रखौना रिंग रोड के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली एक युवक एक युवती लेकर कही भागने के फिराक में खड़ा है जिसपर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर भदोही जिले के भदोही थाना क्षेत्र के हरियांव गांव निवासी अपहरणकर्ता किशन को गिरफ्तार करते हुए युवती को पुलिस ने बरामद कर लिया ।युवक के खिलाफ युवती की मां ने बीते 27 अगस्त को मिजार्मुराद थाने में मुकदमा दर्ज कर आरोप लगाई थी युवक द्वारा मेरी पुत्री को बहाल-फुसलाकर शादी के लिए भगा ले गया है। पुलिस के पूछताछ में युवक ने बताया कि हम दोनों एक-दूसरे से प्रेम करते हैं और हम दोनों एक दूसरे से विवाह कर लिये ।युवती को उसके मां से मिलाने लेकर आया था उसी समय पुलिस ने पकड़ लिया ।मिजार्मुराद पुलिस ने लिखा पड़ी करने के बाद युवक को जेल भेज दी।

# बाँके बिहारी मन्दिर हाई पावर्ड मैनेजमेन्ट कमेटी की चतुर्थ बैठक हुई सम्पन्न

मनोज शर्मा/वेलकम इंडिया

**मथुरा।** ठाकुर श्री बांके बिहारी जी मन्दिर हाई पावर्ड मैनेजमेन्ट कमेटी वृन्दावन, मथुरा की चतुर्थ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष मा० न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) मा० उच्च न्यायालय इलाहाबाद अशोक कुमार, सदस्य मा० जिला एवं सत्र न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) मुकेश मिश्रा, सदस्य मा० जिला एवं सत्र न्यायाधीश मथुरा विकास कुमार, सदस्य मुंसिफ / सिविल जज मथुरा श्रीमती शिप्रा दुबे, सदस्य /सदस्य सचिव जिला मजिस्ट्रेट / कलेक्टर मथुरा चन्द्रप्रकाश प्रकाश सिंह, सदस्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा श्लोक कुमार, सदस्य नगर आयुक्त मथुरा-वृन्दावन नगर निगम मथुरा जग प्रवेश, सदस्य उपाध्यक्ष मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण मथुरा श्याम बहादुर सिंह, सदस्य अधीक्षण पुरातत्वविद् आदि मौजूद रहे।



### समिति की सहमति

1– वीआईपी पर्ची को बंद किए जाने पर सहमति हुई।

2– प्रवेश द्वार से सिर्फ प्रवेश हो तथा निकास द्वार से सिर्फ निकास हो, उक्त व्यवस्था हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक 3 दिनों में उचित कार्य सुनिश्चित करेंगे।

3– मंदिर में तैनात सभी पुलिस कर्मचारी एवं प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड अपने दिए गए ड्यूटी स्थान/स्थल पर ही ड्यूटी करे। यदि उक्त स्थल से अन्यत विचरण पाया जाएगा, तो वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

4– वर्तमान में मंदिर सिक्योरिटी में तैनात प्राइवेट कर्मचारियों को बदलते हुए अच्छी प्राइवेट सिक्योरिटी या रिटायर्ड सैनिकों वाली सिक्योरिटी एजेंसी को व्यवस्था हेतु लाया जाए।

5– मन्दिर भवन / मंदिर परिसर का आई०आई०टी० रुड़की से आंतरिक स्ट्रक्चर ऑडिट कराये जाने पर सभी ने सहमित प्रदान की।

6– मंदिर के समय में परिवर्तन हुआ। गर्मियों में प्रातः 7 बजे से 7:15 बजे तक आरती, 7:15 बजे से दर्शन चालू हो जाएंगे तथा 12:30 तक होंगे, उसके बाद 12:30 से 12:45 तक आरती होगी। शाम को मंदिर में 4:15 से 9:30 बजे तक दर्शन होंगे तथा 9:30 से 9:45 तक आरती होगी।
ठंड/ सर्दियों में प्रातः 8:00 से 8:15 बजे तक आरती, 8:15 से 1:30 बजे तक दर्शन तथा 1:30 से 1:45 तक आरती होगी। शाम को 4 से 9 बजे तक दर्शन तथा 9 से 9:15 तक आरती होगी।

7– दर्शन के लाइव स्ट्रीमिंग पर सभी ने सहमति जताई, लगातार लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी।

8– श्री बांके बिहारी जी मंदिर के पास कितनी चल अचल संपत्ति है। उक्त के संबंध 15 दिनों के भीतर वितरण प्राप्त कर समिति के समक्ष रखा जाए।

### बैठक के बिन्दू

- श्री बाँके बिहारी मन्दिर में दर्शन हेतु वी०आई०पी० पर्ची बन्द किये जाने पर विचार।
- श्री बांके बिहारी जी मन्दिर परिसर में वी०आई०पी० हेतु प्रयोग किए जाने वाली गैलरी को हटाए जाने पर विचार।
- श्रद्धालुओं के प्रवेश एवं निकासी की व्यवस्था पर विचार।
- मन्दिर परिसर के अन्दर प्राइवेट गार्ड के साथ–साथ पुलिस तैनात किये जाने पर विचार।
- दर्शनार्थियों की भीड़ की व्यवस्था हेतु लाइन (क्यू) व्यवस्था किये जाने पर विचार।
- मन्दिर भवन / मंदिर परिसर का आई०आई०टी० रुड़की से आंतरिक स्ट्रक्चर का सर्वे एवं ऑडिट कराये जाने पर विचार।
- मन्दिर दर्शन का समय बढ़ाये जाने पर विचार।
- लाइव स्ट्रीमिंग (सजीव दर्शन) की व्यवस्था कराये जाने पर विचार।
- श्री बाँके बिहारी मन्दिर के पास कितनी चल–अचल सम्पत्ति है का विवरण।
- मन्दिर में सेन्ट्रल एयर कंडीशनर लगाये जाने पर विचार।
- श्री बाँके बिहारी मन्दिर गर्भ गृह के बगल में जो कमरा बन्द है उसे खोलने की व्यवस्था किये जाने पर विचार ।
- पूर्व से मन्दिर प्रबन्धन हेतु कौन–कौन स्टाफ तैनात हैं तथा उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों का विवरण।
- ठाकुर बांके बिहारी जी मंदिर के प्रांगण में खाली स्थान पर (लगभग 357 गज) पर पूर्व में हुए अधूरे निर्माण में हुई अनियमितताओं की जाँच कराये जाने पर विचार।
- 4.74 एकड़ जमीन खरीदने के सम्बन्ध में विमर्श।
- प्रोपर्टी मालिकों से नेगोशिएशन हेतु उप समिति का निर्धारण।
- श्रद्धालु/भक्तगणों से मंदिर में सुविधाओं के विकास हेतु दान लिए जाने के सम्बंध में विमर्श।

# विद्युत पोल से तार चोरी कर ले गए चोर, किसानों में रोष

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव किवाना मोड पर आधा दर्जन से भी अधिक किसानों के खेतों के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन के तारों को चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया। सैकड़ो मीटर हाई टेंशन लाइन का तार चोरी होने से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना पर विधुत विभाग सहित एएसपी, सीओ कैराना व थाना प्रभारी निरीक्षक ने मौके पर जांच पड़ताल की। समाचार लिखे जाने तक विधुत विभाग के द्वारा मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

थाना क्षेत्र के किवाना मोड पर कस्बे के ही किसान वकील, हारून, तारिक, विनोद सैनी, नादिर, साजिद, नूर हसन, ताहिर, नाथीराम सैनी व बाबूराम के खेत स्थित है। सभी किसानों के खेतों के ऊपर से हाई टेंशन लाइन गुजर रही है। बुधवार की रात्रि में चोरों के द्वारा लगभग 1500 सौ मीटर हाई टेंशन लाइन के तारों को पोलो से काटकर चोरी कर लिया गया। गुरुवार की सुबह जब किसान अपने खेत पर पहुंचे तो उन्हें विद्युत पोलों से हाई टेंशन लाइन के तार चोरी होने की जानकारी हुई। पीड़ित किसानों ने मामले की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित किसानों से जानकारी हासिल की। बाद में एएसपी संतोष कुमार सिंह व सीओ कैराना श्याम सिंह भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, और जांच पड़ताल की। एएसपी ने मौके पर मौजूद सब इंस्पेक्टर अजीत सिंह से जमीन पर पड़े विद्युत पोल पर कटे हुए तारों के अवशेषो को कब्जे में लेने व विद्युत पोलों के नंबर भी नोट करने के निर्देश दिए। एएसपी के निर्देश के बाद पुलिस ने विद्युत पोलो के नंबर नोट करने के साथ ही विद्युत पोलों से कटे तारों के अवशेष अपने कब्जे में लिए और थाने ले आए। पीड़ित किसानों ने पुलिस के विरुद्ध रोष प्रकट करते हुए प्रदर्शन किया और चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। किसानों का कहना है की तार चोरी हो जाने से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि विद्युत विभाग के द्वारा स्थानीय थाने पर कोई तहरीर नहीं दी गई है। विद्युत विभाग का थाना अलग बना है। विद्युत विभाग के अधिकारी अपने थाने में ही तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराएंगे।

## पड़ोस के लोगों पर लगाया मोबाइल चोरी करने का आरोप

**कांधला।** कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोस के कई लोगों पर उसका मोबाइल चोरी करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस ने पीड़ित को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी नफीस ने बताया कि पीड़ित ने अपना एंड्रॉयड फोन चार्जिंग पर लगा रखा था पीड़ित का आरोप है कि उसके मोहल्ले के कई लोगों ने एक राय होकर उसका मोबाइल चोरी कर लिया।

पीड़ित ने जब मोबाइल चोरी होने पर शक जाहिर करते हुए उक्त लोगों से मोबाइल की मांग की तो उन्होंने उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने गुरुवार को थाने पर पहुंचकर अपने मोहल्ले के ही कई लोगों पर मोबाइल चोरी करने का आरोप लगाकर उनके विरुद्ध तहरीर दी है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# चेयरमैन के भाई रजी को नहीं मिली राहत सेशन कोर्ट से जमानत अर्जी खारिज

वेलकम इंडिया

**मेरठ।** शाहजहांपुर नगर पंचायत चेयरमैन के भाई रजीउर्रहमान उर्फ.रजी को गुरुवार को भी सेशन कोर्ट से कोई राहत नहीं मिल सकी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) मेरठ की अदालत ने उसकी जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया।

रजी पर आरोप है कि 18 जुलाई 2016 को मोहल्ला अंसारीयान, शाहजहांपुर में दबंगई करते हुए घर में घुसकर मारपीट और जानलेवा हमला किया। इसके अलावा उस पर यह भी आरोप है कि उसने अपने भाइयों और सहयोगियों के साथ मिलकर पूर्व चेयरपर्सन के भाई शोएब खान तथा उसके ससुराल पक्ष के लोगों पर लाठी-डंडों से हमला किया, कई लोगों को घायल किया और जान से मारने की धमकी दी। मजरूह शोएब खान के



पिता लईकुजमा खान और वादी अतहर खान की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायलों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया था।

अभियोजन पक्ष का कहना था कि यह वारदात पुरानी रंजिश के चलते सुनियोजित ढंग से की गई थी। आरोपी 26 बार गैर-जमानती वारंट जारी होने के बावजूद नौ वर्ष तक पुलिस की पकड़ से दूर रहा। वहीं बचाव पक्ष का तर्क था कि रजी को राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया गया है और वह निर्दोष है, इसलिए उसे जमानत दी जाए।न्यायाधीश पवन कुमार शुक्ला ने आदेश में कहा कि गवाहों के बयान और घटना की परिस्थितियां आरोपी की संलिप्तता को गंभीर बनाती हैं। ऐसे में उसे जमानत पर रिहा करने का कोई आधार नहीं है। अदालत ने माना कि अपराध की प्रकृति और परिस्थितियों को देखते हुए आरोपी का जेल में रहना ही उचित है।

यह मुकदमा वर्ष 2016 से लंबित है। रजी के खिलाफ धारा 147, 148, 323, 452, 504, 307 और 325 कढउ समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज है। पुलिस ने लंबी विवेचना के बाद आरोप पत्र दाखिल किया था। कोर्ट ने आरोपी चेयरमैन वसीउर्रहमान, मुत्तालिब और रजी के खिलाफ लगभग 26 बार गिरफ्तारी वारंट जारी किए। 18 अगस्त को अदालत के गैर-जमानती वारंट पर पुलिस ने शाहजहांपुर नहर के निकट घेराबंदी कर रजी को गिरफ्तार किया और जेल भेजा।

# 1 को होंगे नगर व्यापार संघ बागेश्वर के चुनाव



**बागेश्वर।** नगर व्यापार मंडल का पिछला चुनाव ऐतिहासिक होने के बाद एक बार फिर व्यापार मंडल चुनाव का विगुल बज गया है।आगामी चुनाव को लेकर नगर व्यापार मंडल और जिला व्यापार मंडल की तैयारियां पूरी हो गई है।चुनाव की तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष बलवंत (बबलू) नेगी की अध्यक्षता में व्यापार मंडल की बैठक आयोजित हुई।बैठक में जिलाध्यक्ष नेगी ने बताया कि नगर व्यापार संघ बागेश्वर के चुनाव की तिथि 21सितंबर को घोषित की गई है। चुनाव के तहत 15 सितम्बर से नामांकन पत्र बिकेंगे,16 सितम्बर को उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र जमा व जांच होंगी, 17 सितम्बर को नाम वापसी होगी,वही 21 सितम्बर को चुनाव होंगे। चुनाव स्वराज भवन नुमाइशखेत बागेश्वर में सम्पन होंगे। जिलाध्यक्ष बलवंत सिंह नेगी ने कहा कि तीन माह पूर्व चुनाव हेतु राजेन्द्र परिहार को मुख्य चुनाव अधिकारी न्युक्ति कर उनके द्वारा सदस्यता प्रभारी भी बना कर सदस्यताअभियान शुरू कर दिया गया था। अब सोमवार से चुनाव प्रक्रिया शुरू की जाएगी।इस दौरान बैठक मेंव्यापार मंडल जिलामहामंत्री अनिल कार्की, मनीष पाण्डेय, भगत रावल,हरीश सोनी, किशन सोनी, अनु मेहता, नवीन लोहनी,नरेन्द्र खेतवाल, कमल नेगी,दीवान मलड़ा, दीपक जोशी, रमेश चंद्र तिवारी आदि मौजूद थे।

# साइबर क्राइम जागरूकता सेमिनार-कम-ट्रेनिंग का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया

**झाँसी।** जेसीआई वीक (9झ15 सितम्बर) के अंतर्गत दूसरे दिन जेसीआई झाँसी उड़ान द्वारा मॉडर्न ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के सहयोग से एक साइबर क्राइम जागरूकता सेमिनार-कम-ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी देना था।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती शांति विश्वनाथन, फाउंडर चेयरपर्सन मॉडर्न ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स रहीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. संध्या चौहान, संस्थापक-सचिव प्रगति रथ संस्था, संतोष अवस्थी निरीक्षक



नवाबाद थाना, प्रवीण कुमार सब-इंस्पेक्टर साइबर क्राइम सेल, मीनू साइबर क्राइम ऑफिस, रत्ना विश्वनाथन सचिव मॉडर्न ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स एवं प्राचार्य मॉडर्न पब्लिक स्कूल, डॉ. प्रवीण गुप्ता निदेशक मॉडर्न कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एवं अध्यक्ष जेसीआई झाँसी उड़ान, डॉ. रॉबिन जोसेफ प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसीआई झाँसी तथा श्रीमती रेनू रॉबिन जोसेफ, प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसीआई झाँसी उड़ान उपस्थित रहीं।

अपने संबोधन में प्रवीण कुमार ने कहा कि आज की डिजिटल दुनिया में छोटी-सी लापरवाही भी हमें साइबर अपराध का शिकार बना सकती है। उन्होंने छात्रों को सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने, ओटीपी और पासवर्ड सुरक्षित रखने तथा केवल अधिकृत प्लेटफॉर्म पर ही ऑनलाइन लेन-देन करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी साइबर अपराध की शिकायत तुरंत पुलिस को दें ताकि अपराधियों पर समय रहते कार्रवाई हो सके।

मुख्य अतिथि श्रीमती शांति विश्वनाथन ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सुरक्षा और जागरूकता प्रदान करना भी है। उन्होंने कहा कि डिजिटल सुरक्षा आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है और विद्यार्थी यदि सतर्क रहेंगे तो न केवल स्वयं बल्कि समाज और राष्ट्र को भी सुरक्षित बना पाएँगे।

संतोष अवस्थी ने कहा कि पुलिस लगातार साइबर अपराधियों के खिलाफ सक्रिय है लेकिन तकनीकी जानकारी और जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने छात्रों को हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी और अपील की कि किसी भी प्रकार की घटना को छिपाएँ नहीं, बल्कि तुरंत शिकायत दर्ज करें।

# एंटी रोमियो महिला पुलिसकर्मी ने चलाया जागरूकता अभियान



वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** एंटी रोमियो महिला पुलिसकर्मी के द्वारा कस्बे के स्कूल-कॉलेज के बाहर जागरूकता अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं को समाज में बढ़ती छेड़छाड़, उत्पीड़न और मनमानी हरकतों से बचने के उपाय बताए गए। अभियान के दौरान महिला पुलिसकर्मी मिथिलेश के द्वारा छात्र-छात्राओं को समझाया गया कि किसी भी अनुचित घटना के सामने आने पर चुप्पी नहीं साधनी चाहिए बल्कि सही समय पर पुलिस से संपर्क करना चाहिए। विशेष रूप से सभी छात्र-छात्राओं को निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता मिल सकेः महिला हेल्पलाइन 1090, राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा नंबर 112, महिला सुरक्षा हेतु विशेष हेल्पलाइन 181 तथा पुलिस कंट्रोल रूम नंबर की जानकारी दी गई।महिला पुलिसकर्मी ने बताया कि इन नंबरों पर शिकायत करने से पुलिस त्वरित कार्रवाई करती है। साथ ही छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा के आसान उपाय भी समझाए गए।

# नेपाल में फंसे भारतीय नागरिको को सुरक्षित भारत वापस लाया जाये : प्रदीप जैन आदित्य



**झाँसी।** पूर्व केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर अनुरोध किया कि झांसी निवासी संदीप सोनी और उनके तीन मित्रों के अलावा भारतीय सभी नागरिकों को नेपाल से सुरक्षित लाने के लिए उचित कार्यवाही करें। उन्होंने लिखा कि झांसी के संदीप सोनी अपने तीन साथियों के साथ नेपाल घूमने गये थे। जब वे पोखरा के किसी होटल में ठहरे थे तभी नेपाल में अराजकता प्रारम्भ हो गयी। वहां के हालात बद से बदतर हो गये हैं। किसी तरह इन चारों ने पास की पहाड़ी पर आश्रय लिया हुआ है। शहर में कर्फ्यू लगा हुआ है। ऐसी विषम परिस्थितियों में भारतीय नागरिकों को सुरक्षित वापस लाना हमारा परम कतर्व्य है। हम आपसे विनम्र अनुरोध करते हैं कि संदीप सोनी के तीन मित्रों सहित भारतीय जितने भी नागरिक नेपाल में फंसे हुए हैं, उन्हें सुरक्षित भारत वापस लाने हेतु उचित कार्यवाही कर अनुग्रहित कीजिए।

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए कांधला की संस्था बनी उम्मीद की किरण



वेलकम इंडिया

**कांधला।** पंजाब में आई भीषण बाढ़ के दौरान कस्बे की सामाजिक संस्था स्टेपिंग स्टोन्स ट्रस्ट ने इंसानियत और भाईचारे की सच्ची मिसाल पेश की। ट्रस्ट की टीम ने राहत कार्यों के तहत लगभग दस बाढ़ प्रभावित गाँवों में पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों को राहत सामग्री वितरित की।

संस्था के द्वारा पीड़ित परिवारों तक राशन किट, आवश्यक वस्तुओं, आपातकालीन किट पहुँचाई गई। इसके साथ ही, टीम ने पीड़ितों का हौसला बढ़ाने का भी प्रयास किया। अभियान की सफलता में युवाओं की सक्रिय भागीदारी, स्थानीय सामाजिक संस्थाओं का सहयोग और भारतीय सेना का मार्गदर्शन अहम रहा। सामाजिक संस्था स्टेपिंग स्टोन्स ट्रस्ट के प्रतिनिधि मोहम्मद शादाब ने कहा पंजाब की धरती ने भाईचारे और इंसानियत का सबक सिखाया। हमारी कोशिश रही कि न सिर्फ राहत सामग्री पहुँचाई जाए, बल्कि पीड़ितों के दुःख और दर्द में भी शरीक होकर उनका मनोबल बढ़ाया जाए। यह सेवा हमारा फर्ज.और इंसानियत की जिम्मेदारी है।

## किसानों को डीएपी पाने के लिए झेलनी पड़ रही परेशानी

**पहासू/बुलंदशहर।** पहासू क्षेत्र की दीघी स्थित रनायच नरेन्द्रपुर सहकारी समिति पर डीएपी मिलने की खबर फैलते ही सुबह से ही कई गांवों के सैकड़ों किसानों की भीड़ लग गई। अपनी पर्ची पहले कटवाने को लेकर समिति के लोगों से किसानों की नोकझोंक भी हुई। इस बीच कई किसनिन ने खाद वितरण में कालाबाजारी का आरोप लगाकर हंगामा किया। क्षेत्र के गांव नगला दलपतपुर,खंडार, करियावली, रनायच,दीघी और नरेन्द्रपुर के सैकड़ों किसान डीएपी लेने गोदाम पहुंचे।दलपतपुर निवासी किसान राकेश कुमार ने बताया कि समय से डीएपी नही मिलने से किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समिति के सचिव शिव कुमार ने बताया कि प्रतिदिन 150 बेग खाद का वितरण किया जा रहा है।

# बागेश्वर के सेलकुना व बगोटिया गांव में आजतक नहीं बनी सड़क

वेलकम इंडिया

**गरुड़, दिनेश नेगी,।** गरुड़ तहसील के सेलकुना गांव के लोग सड़क नहीं बनने से बीसवीं सदी का जीवन जी रहे हैं। बीमार व गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाना किसी चुनौती से कम नहीं है। सेलकुना गांव में अगर कोई बीमार हो जाए तो सबसे पहले गांव वालों को इकट्ठा कर डोली या कुर्सी में बाँधा जाता है, फिर गांव के लोग उस बीमार को चार किलोमीटर पहाड़ चढ़, टूटे-फूटे रास्तों से सड़क तक पहुंचते हैं, कभी कभी बीमार की स्थिति ज्यादा खराब होने पर वह रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। सेलकुना की एक महिला आनंदी देवी पत्नी हीरा बल्लभ का स्वास्थ्य अचानक खराब होने पर ग्रामीण चार किमी डोली में रख कर उबड़खाबड़ रास्ते से सड़क तक पहुछाया। ग्रामीणों ने बताया कि आये दिन वे अपने जरुरी काम छोड़ बीमार व गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने जाते हैं। यहां के ग्राम प्रधान विक्रम बिष्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कई साल पहले सड़क बनाने का वादा किया गया था, लेकिन आज तक सड़क का नाम तक नहीं दिखा।

उन्होंने कहा कि यह ग्रामीणों के साथ धोखा है और वह इस जंग में गांव के साथ मजबूती से खड़े हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि आज भी सड़क न होने के कारण बीमारों को डोली में ढोना पड़ता है, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों की जान खतरे में रहती है।उन्होंने स्थानीय विधायक पार्वती दास और दर्जा मंत्री शिव सिंह बिष्ट से शीघ्र गांव के लिए सड़क बनाए जाने की मांग की है।



# चोर का कोई भी सुराग नहीं मिला जाट में जुटी मानक नगर पुलिस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मानक नगर क्षेत्र के अंतर्गत 56, समर विहार कॉलोनी में कौशल कुमार सक्सेना के घर के अंदर से रॉयल एनफील्ड हंटर मोटरसाइकिल जिसका नंबर वढ14ऋढ6213 देर रात्रि चोरी हो गई। मोटरसाइकिल कौशल कुमार सक्सेना के भतीजे अमित रायजादा के नाम पर है। कौशल कुमार सक्सेना के दामाद अरविंद ने तुरंत 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी फिर मानक नगर थाने में टेहरी थी है पुलिस जांच में जुटी है। अभी तक पुलिस को कोई भी सुराग नहीं मिला है।

# ज्वेलर्स व्यापारी के साथ मारपीट, व्यापारियों में रोष

**कांधला।** कस्बे के मेंन बाजार निवासी एक ज्वेलर्स व्यापारी ने एक युवक पर उसकी दुकान पर पहुंचकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने के साथ पीड़ित की दुकान को आग के हवाले करने की धमकी देने सहित कई गंभीर आरोप लगाए हैं। व्यापारी ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। गुरुवार को कस्बा निवासी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि उसने कस्बे के जैन स्थानक के समीप सिद्धार्थ ज्वेलर्स के नाम से अपनी दुकान खोल रखी है।पीडित का आरोप है कि उसकी दुकान पर एक युवक महिला के साथ पहुंचा। पीड़ित का आरोप है कि पीड़ित ने आरोपी से अपने उधार रुपए मांग लिए तो आरोपी आग बबूला हो गया और देखते ही देखते पीड़ित के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी। शोर शराबा की आवाज सुनकर पड़ोस के व्यापारी भी मौके पर आ गए व्यापारियों ने पीड़ित की जान बचाई।

# छात्रसंघ चुनाव तिथि घोषित नहीं होने पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं में फूटा गुस्सा

वेलकम इंडिया




**बागेश्वर।** छात्रसंघ चुनाव तिथि घोषित नहीं होने समेत विभिन्न मांगों को लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ता आंदोलित होने लगे हैं। नाराज छात्रों नेअपनी मांगों को लेकरनारेबाजी करते हुए कैंपस परिसर में निदेशक का पुतला दहन किया। यहां सभा करते हुए एनएसयूआई कार्यकताओं ने कहा कि यदि उनकी मांगों को जल्द नहीं सुना गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी कैंपस प्रशासन की होगी।

संगठन के महासचिव सागर जोशी के नेतृत्व में छात्र गुरुवार को बीडी पांडेय कैंपस में एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि कई वर्षों से बीएससी लैब का भवन बंद है। गत दिनों उन्होंने इस समस्या को प्रमुखता से उठाया। तब उन्हें आश्वासन दिया गया था कि जल्द इसे खोला जाएगा, लेकिन अभी तक इसे नहीं खोला गया। इससे छात्रों को नुकसान हो रहा है। निदेशक सप्ताह में दो दिन परिसर व अन्य दिनों गायब रहते हैं। इससे कैंपस में अनुशासन जैसी कोई चीज नहीं रह गई है। छात्र संघ चुनाव की तिथि अभी तक घोषित नहीं हुई है। पूरे सिस्टम से नाराज छात्रों ने कैंपस निदेशक का पुतला दहन किया।

इस मौके पर एनएसयूआई कार्यकर्ता नीरज जोशी,प्रेम दानू ललित कुमार,,पंकज कुमार रितु,सपना नेगी, हिमानी,अरविंद कुमार, महेंद्र धौनी आदि छात्र मौजूद रहे।

# अमेठी में सम्पन्न हुआ सबजूनियर कबड्डी का जिला स्तरीय चयन ट्रायल



वेलकम इंडिया

**अमेठी।** प्रदेश स्तरीय समन्वय सबजूनियर बालक/बालिका कबड्डी प्रतियोगिता हेतु जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स आज दिनांक 11 सितंबर 2025 को डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम, अमेठी में सम्पन्न हुए। यह चयन प्रक्रिया उप क्रीड़ा अधिकारी की देखरेख में तथा प्रदेशीय खेल संघ के समन्वय से आयोजित की गई। उप क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को आगामी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद अमेठी का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

सबजूनियर बालिका वर्ग में चयनित खिलाड़ीः

कु. जैनब, कु. तनिष्का शुक्ला, कु. आराध्या भदौरिया, कु. कृतिका, कु. फिजा असलम, कु. रिया तिवारी, कु. स्वाती शुक्ला, कु. रहनुमा बानो, कु. मानसी एवं कु. आराध्या।

सबजूनियर बालक वर्ग में चयनित खिलाड़ीः

अंश, स्वास्तिक मिश्र, विष्णु जोगी, पिंटू जोगी, श्लोक, चुलबुल पांडे, अनुराग तिवारी, अर्पित निर्मल, आकाश सरोज एवं शिवम सोनी।

चयन प्रक्रिया के दौरान खिलाड़ियों में उत्साह और जोश देखने को मिला। जिला क्रीड़ा विभाग का कहना है कि चयनित खिलाड़ी जिले का नाम रोशन करेंगे।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर ने एलडीएम को किया निर्देशित

वेलकम इंडिया महमूद रजा



बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर ने एलडीएम को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत 30 सितंबर, 2025 तक जिन बैंकों द्वारा कम से कम दो लाभार्थियों को ऋण वितरित नहीं कराया गया, उनको चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्यवाही करना सूचित करें। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जो भी बैंकर्स शासन द्वारा संचालित रोजगार परक योजनाओं में अपेक्षित सहयोग नहीं करेंगे उनके शाखा प्रबंधकों को जिले में नहीं रहने दिया जाएगा। सभी बैंकर्स को निर्देश दिए कि ऋण योजना के अन्तर्गत रोजगार परक योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ऋण जमा अनुपात की समीक्षा करते हुए पाया कि इंडियन बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ोदा सहित छः बैंक शाखाओं द्वारा राष्ट्रीय लक्ष्य 60% के सापेक्ष 40 % से भी कम की प्रगति की गई है। उन्होंने प्रत्येक बैठक में बैंक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जाने के बावजूद भी उक्त ऋण जमा अनुपात कार्य में सुधार न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को संबंधित बैंकों के शाखा प्रबंधकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने एलडीएम को यह भी निर्देश दिए कि जिले के सभी सीमावर्ती ग्रामों का निरीक्षण करें और आबादी के निर्धारित मानक के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर बैंक शाखाएं अथवा बैंकिंग आउटलेट की स्थापना तथा सीएम युवा उद्यमी योजना, पीएम सूर्य घर योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना सहित अन्य रोजगार परक योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी श्रीमती कौर आज दोपहर 12:30 बजे कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में डीएलआरसी एवं डीसीसी की चतुर्थ त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा करते हुए पाया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जिले में 1700 के लक्ष्य के सापेक्ष वर्तमान तक 1786 आवेदन बैंकों को प्रेषित किए गए, इनमें से 548 स्वीकृत आवेदनों में से 509 पर ऋण वितरण किया जा चुका है, 607 आवेदन स्वीकृत के लिए तथा 140 आवेदन ऋण वितरण के लिए लंबित हैं, जबकि 903 आवेदन निरस्त किए गए हैं। योजना अंतर्गत 439 ऋण खातों में रुपए 197.62 लाख मार्जिन मनी के रूप में क्लेम भी किए गए। सकल कृषि अग्रिम योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय लक्ष्य 18% के सापेक्ष 48%, कुल प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम योजना के 40% राष्ट्रीय लक्ष्य के सापेक्ष 70%, महिलाओं को 5 प्रतिशत लक्ष्य के सापेक्ष 19%, अल्पसंख्यकों 15% के लक्ष्य के सापेक्ष 18% ऋण उपलब्ध कराया गया है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1 अप्रैल से 30 जून 2025 तक 13065 लाभार्थियों को जिले के बैंकों/एनबीएफसी द्वारा 193.86 करोड़ स्वीकृत किया गया, जिसके सापेक्ष 191.70 करोड़ किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए की मुद्रा योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री हथकरघा योजना के तहत बुनकरों को ऋण प्रवाह को बढ़ाकर उन्हें आर्थिक रूप से सबल बनाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि बैंकर्स सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में ऋण देने में लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों के स्वरोजगार के लिए जो योजनाएं चला रही हैं उसमें बैंकों की भागीदारी भी महत्वपूर्ण है, इसलिए बैंकर्स सरकारी योजनाओं के ऋणों की फाइलों को पूरी गुणवत्ता के आधार पर स्वीकृत कर लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने समीक्षा करते हुए पाया कि वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत माह जून, 2025 तक प्रथमिकता क्षेत्र में वार्षिक लक्ष्य 10010.59 करोड़ के सापेक्ष 2850.65 करोड़ की उपलब्धि प्राप्त हुई, जो कि वार्षिक लक्ष्य का 28.47 प्रतिशत है।

# युवा मोर्चा द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के बारे में दी जानकारी




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा 17 सितंबर से प्रारंभ होने जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दी। युवा मोर्चा कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा अरुण यादव, जिला अध्यक्ष भाजपा चैनपाल सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा रॉबिन तोमर ने संयुक्त रूप से सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत प्रथम चरण में 17 सितंबर को जिला स्तर पर सरकारी हॉस्पिटल लोनी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर न्यूनतम 150 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है। इसके पश्चात द्वितीय चरण में 18 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सभी 11 मंडलों में रक्तदान शिविर लगाकर अधिक से अधिक युवाओं की रक्त जांच भी सुनिश्चित की जाएगी। 21 सितंबर को प्रदेश स्तर पर 7 बड़े महानगरों में युवा मोर्चा द्वारा नमो मैराथन का आयोजन किया जाएगा। गाजियाबाद जिले में यह मैराथन दौड़ 'फिट इंडिया, नशा मुक्त भारत' थीम पर आयोजित होगी। इस मैराथन में 10,000 युवाओं के भाग लेने का लक्ष्य रखा गया है। इच्छुक युवा पूर्व से ही अपना रजिस्ट्रेशन कराकर भाग ले सकते हैं। सभी लोकसभा क्षेत्रों के अंतर्गत प्रत्येक ब्लॉक और विधानसभा स्तर पर युवाओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में सभी युवा बढ़-चढ़कर भाग लेकर राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। इस अवसर पर हिमांशु शर्मा जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा, जितेंद्र चित्तौड़ा, नवेंद्र गौड़ जिला महामंत्री भाजपा, अमित चौधरी व देवेंद्र चौधरी जिला उपाध्यक्ष भाजपा, ललित त्यागी जिला महामंत्री युवा मोर्चा, शिव अग्रवाल व कुलदीप सोलंकी जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, अरुण पंडित जिला मंत्री युवा मोर्चा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा शहर मंडल द्वारा कार्यशाला का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** सेवा पखवाड़ा( 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 ) मोदीनगर शहर मंडल कार्यशाला कार्यशाला में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सेवा पखवाड़ा के बारे में दी गई जानकारी। कार्यशाला में भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी चैनपाल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा ने की ह्व कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यवीर राघव, वरिष्ठ भाजपा नेता स्वदेश जैन , जिला महामंत्री जितेन्द्र चितौड़ा, नवेन्द्र गौड़, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी, अमित चौधरी, अनिला आर्य के साथ देवेंद्र डायमंड अमितेश जैन, अनिल सैन व मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा मुकेश चौहान समस्त जिला पदाधिकारी समस्त मंडल पदाधिकारी शक्ति केंद्र संयोजक मातृशक्ति व बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे ।

# डॉ. के.एन. मोदी विश्वविद्यालय में सभासद सम्मान समारोह

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** डॉ. के.एन. मोदी यूनिवर्सिटी, एनसीआर कैंपस में आज सभासद सम्मान समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) पी.एन. हृषीकेशा ने दीप प्रज्ज्वलन एवं स्वागत भाषण से किया। कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. के.एन. मोदी विश्वविद्यालय की 83 वर्षों की शिक्षा क्षेत्र में गौरवशाली परंपरा इसकी सबसे बड़ी पूँजी है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने का केंद्र नहीं है, बल्कि एक ऐसा संस्थान है जो विद्यार्थियों को जीवनोपयोगी कौशल, नैतिक मूल्य और वैश्विक दृष्टिकोण से युक्त करता है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि आज के दौर में शिक्षा का मूल आधार रिसर्च और इनोवेशन होना चाहिए। इसी दिशा में विश्वविद्यालय ने अनेक पहल की हैं—रिसर्च प्रोजेक्ट्स, इंडस्ट्रीझ्रअकादमिक कोलैबोरेशन, स्किल डेवेलपमेंट प्रोग्राम्स और इनोवेशन सेंटर स्थापित कर छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कुलपति महोदय ने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय ने हाल ही में आईबीएम और जेबीएम जैसी अग्रणी कंपनियों के साथ अकादमिक सहयोग किया है, जिसके माध्यम से छात्रों को नएझ्रनए तकनीकी कौशल, इंडस्ट्रीझ्रओरिएंटेड ट्रेनिंग और स्किल एन्हांसमेंट के अवसर मिल रहे हैं ।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. (डॉ.) डी.के. मोदी ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सभासदों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि डॉ. के.एन. मोदी विश्वविद्यालय युवाओं को केवल रोजगारपरक शिक्षा ही नहीं, बल्कि सशक्त नागरिक बनने की दिशा में भी तैयार कर रहा है। रजिस्ट्रार यू.एन. मिश्रा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और चरित्र निर्माण पर भी विशेष ध्यान देता है।

# जिम से घर आ रहे युवक पर चार युवकों ने धारदार हथियारों से किया हमला, मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर के मडावर।** जिम से अपने घर वापस आ रहे युवक पर चार युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया परिजनों ने घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया।

थाना मडावर मे गुरुवार की सुबह मडावर कस्बा निवासी पीड़ित के भाई ने थाने में तहरीर दी कि मेरा भाई आरिस मंगलवार की रात 10:00 करीब जिम से अपने घर वापस आ रहा था। तभी डॉक्टर नाजिम की दुकान के पास चांदनी मार्केट मंडावर मे मेरे भाई आरिस को जान से मारने की नियत से सैफ पुत्र शाकिर, जैद पुत्र बब्बू, अलफैज पुत्र नामालूम मोहल्ला शमभा बाजार, अलजाम पुत्र रईस मोहल्ला मिदगान कस्बा मंडावर निवासी ने धारदार हथियारों से जान से मारने की नीयत से गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।मौके पर आसपास लोगो की भीड़ इकट्ठा होते देख आरोपी घायल आरिस को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। वहां के कुछ स्थानीय लोगों ने घायल युवक के परिजनों को सूचना दी, परिजनों ने घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर घायल युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। वही मडावर पुलिस ने पीड़ित के भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गिन्नी देवी कॉलेज में हिंदी दिवस से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** हिंदी दिवस के तत्वाधान में गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज मोदीनगर में तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे चरण को महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर पूनम शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं हिंदी विभाग की प्रवक्ता डॉक्टर गीता त्यागी तथा डॉक्टर सारिका त्यागी के कुशल निर्देशन में एक हिंदी दिवस से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 15 छात्राओं ने प्रतिभागिता की निर्णायक मंडल में चित्रकला विभाग की अध्यक्षा डॉक्टर ऋषिका पांडे और संगीत विभाग की अध्यक्षा डॉक्टर आकांक्षा सारस्वत तथा गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्षा सुश्री ऐश्वर्या बहुगुणा ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन करते हुए प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं के नाम कार्यक्रम के अंतिम चरण 12-9-2025 को घोषित किए जाएंगे और मंच का संचालन डॉक्टर गीता त्यागी ने किया तथा सभी शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम में उपस्थित देकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# अवैध शस्त्रों पर कसेगा शिकंजा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में गुरुवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में जनपद में अवैध शस्त्रों के खिलाफ निर्णायक रणनीति तय की गई। बैठक में शस्त्र अधिनियम, 1959 एवं शस्त्र नियमावली, 2016 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि जनपद के सभी शस्त्र लाइसेंसों की पारदर्शी एवं निष्पक्ष जांच और सत्यापन किया जाएगा। शस्त्रों एवं गोला-बारूद की जमा एवं जब्ती प्रक्रिया को कड़ाई से लागू किया जाएगा। लाइसेंसधारी निर्माण इकाइयों, डीलरों और गनस्मिथ्स का नियमित ऑडिट और निरीक्षण भी अनिवार्य रूप से किया जाएगा। टास्क फोर्स ने यह भी तय किया कि अवैध शस्त्र निर्माण और बिक्री के हॉटस्पॉट क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां विशेष अभियान चलाए जाएंगे। पुलिस एवं खुफिया विभाग मिलकर इन गतिविधियों पर शिकंजा कसेंगे। इसके साथ ही सर्विलांस टीम भी गठित की जाएगी, जो हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखेगी। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि जनपद की जनता को अवैध शस्त्रों के खतरों और उनके दुष्परिणामों के प्रति जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षित किया जाएगा। विद्यालयों, कॉलेजों और ग्रामीण स्तर पर विशेष अभियान चलाकर युवा पीढ़ी को इस गोरखधंधे से दूर रखने का प्रयास किया जाएगा। अवैध शस्त्रों से संबंधित दर्ज मुकदमों और चल रहे अभियोजनों की प्रगति की नियमित समीक्षा टास्क फोर्स करेगी।

संबंधित विभागों और एजेंसियों से सटीक समन्वय स्थापित कर हर मामले में ठोस कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कहा कि शासनादेशों के अनुपालन में मिले आदेशों का अक्षरशः पालन किया जाए।

# श्री हंस इंटर कॉलेज में सेमिनार आयोजित किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में दृष्टि आईएएस कोचिंग सेंटर नई दिल्ली की तरफ से एक सेमिनार आयोजित किया गया ।सेमिनार में दृष्टि आईएएस कोचिंग सेंटर के अध्यापक अभिषेक मिश्रा ने छात्र छात्राओं को भारतीय प्रशासनिक सेवा की तैयारी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। व तैयारी के महत्वपूर्ण टिप्स दिए ।इसके अलावा उन्होंने बताया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा का समाज में बहुत अधिक महत्व है। क्योंकि यह अधिकारी नीति निर्माण और कार्यान्वन सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने आर्थिक विकास को गति देने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विनोद कुमार शर्मा ने टीम का धन्यवाद किया ।सेमिनार में छात्र छात्राओं के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विनोद कुमार शर्मा एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार ,संजीव कुमार शर्मा, रिंकेश कुमार वर्मा ,सुनील चौधरी व सुमित कुमार उपस्थित थे।

# काशी रुद्राक्ष ने दूसरी बार यूपी टी-20 ट्रॉफी जीतने के बाद काशी विश्वनाथ मंदिर में लिया आशीर्वाद

वेलकम इंडिया






**वाराणसी:-** काशी रुद्राक्ष ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है टीम ने यूपी टी-20 लीग सीजन 3 का खिताब जीत लिया है इस जीत के साथ ही वे लीग के इतिहास में दो बार चैंपियन बनने वाली पहली और एकमात्र टीम बन गई हैं इस शुभ अवसर पर ट्रॉफी टूर की शुरूआत कानपुर के पवित्र द्वारकादिश मंदिर में एक विशेष पूजा समारोह से हुई इसके बाद वह वाराणसी पहुंचे।

काशी विश्वनाथ मंदिर में टीम ने पूजा अर्चना के साथ ट्रॉफी की विशेष पूजा की,जो रुद्राक्ष की परंपरा और आभार के प्रति गहरे सम्मान की झलक है। मंदिर दर्शन के बाद गुरुवार कों टीम के द्वारा हरहुआ स्थित विवेक एकेडमी में एक शानदार मीडिया इंटरेक्शन आयोजित किया गया, जहां उन्होंने मीडिया और आने वाले क्रिकेटरों से बातचीत कर उन्हें भविष्य के लिए प्रेरित किया साथ ही ट्रॉफी टूर के हिस्से के रूप में काशी रुद्राक्ष के खिलाड़ी करण शर्मा,शिवम चौबे,सुनील कुमार, यशोवर्धन सिंह और कार्तिक यादव के साथ एक मीट-एंड-ग्रीट भी आयोजित किया गया जिसमें उन्होंने युवा प्रतिभाओं के साथ समय बिताया इन खिलाड़ियों ने अपनी खुशी,रणनीतियों और उन चुनौतियों के बारे में बात किया जिन्हें उन्होंने इस शानदार जीत हासिल करने के लिए पार किया। गौरव बत्रा नें कहा की काशी रुद्राक्ष हमारी ट्रॉफी टूर की शुरूआत द्वारकादिश मंदिर से करना और फिर काशी विश्वनाथ में आशीर्वाद लेना इस जश्न को सच में खास बनाता है यह खिताब सिर्फ क्रिकेट मैच जीतना नहीं है यह सदियों तक हमारी परंपरा,समुदाय और आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगो आज विवेक एकेडमी में अपने युवा खिलाड़ियों के साथ अपनी सफलता का जश्न मनाना हमें याद दिलाता है कि यह सफर हम सभी के लिए कितना मायने रखता है।

# हर शिकायत का होगा गुणवत्तापूर्ण समाधान, जिलाधिकारी ने सुनी फरियादें

## जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि साहिबाबाद मंडी और गगन विहार से संबंधित मामलों में जांच टीम गठित कर दी गई

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई एक बार फिर आमजन की उम्मीदों का सहारा बनी। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने स्वयं प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को गंभीरता से सुना और निस्तारण का भरोसा दिलाया। रोजाना की तरह इस बार भी गुरुवार को जनसुनवाई में प्रार्थियों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखने को मिली। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम, पुलिस विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए), विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें और प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी को प्राप्त हुए। डीएम ने हर शिकायतकर्ता से विस्तार से जानकारी ली और पूछा कि क्या उन्होंने पूर्व में भी इस विषय पर कोई आवेदन



दिया था। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रार्थी की समस्या को ध्यानपूर्वक सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जहां आवश्यकता हो वहां स्थलीय निरीक्षण कर ही रिपोर्ट तैयार की जाए और शिकायत निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से प्रत्यक्ष फीडबैक लेना भी अनिवार्य होगा। इस दौरान साहिबाबाद मंडी के आढ़तियों ने दुकानों पर मिले नोटिस और सुरक्षा संबंधी समस्याओं को लेकर प्रार्थना पत्र सौंपा। वहीं गगन विहार थाना टीला मोड़ क्षेत्र के लोगों ने प्रदूषण फैला रही फैक्ट्रियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इसके अतिरिक्त महिला समूह की महिलाओं ने भी अपनी समस्याएं रखीं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि साहिबाबाद मंडी और गगन विहार से संबंधित मामलों में जांच टीम गठित कर दी गई है, जो स्थल निरीक्षण के बाद रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उसके बाद सभी बिंदुओं पर विचार कर न्यायोचित निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी विषय पर तत्काल निर्णय लेना संभव नहीं है। हमें हर पहलू का गहन अध्ययन करना पड़ता है ताकि कार्यवाही न्यायसंगत और स्थायी हो। डीएम माँदड़ ने जनता को आश्वस्त किया कि प्रत्येक समस्या को गंभीरता से लिया जाता है और शिकायत प्राप्त होते ही संबंधित विभाग को कार्यवाही हेतु निर्देशित कर दिया जाता है। समयबद्ध तरीके से हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। जनसुनवाई के दौरान एडीएम एलए विवेक मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय, अयान जैन और एसीएम राजेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने 51 शिक्षकों का किया सम्मान



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में गुरुवार को शिक्षा की चमक से जगमगा उठा। बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित शिक्षकोत्सव-2025 का मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में संपूर्ण भव्यता के साथ आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा जगत में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 51 शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शिक्षामित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सीडीओ अभिनव गोपाल ने डिजिटल होम लर्निंग में सक्रिय योगदान हेतु 05 शिक्षकों को चिंपल चैंपियन का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इसके अलावा राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित श्री प्रमोद सिरोही, सहायक अध्यापक पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सुहाना को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वहीं अंतरराष्ट्रीय संस्था सत्यमेव जयते यूएसए द्वारा शिक्षक दिवस पर चयनित सहायक अध्यापिका रेनू चौधरी (कंपोजिट विद्यालय असालत नगर) का प्रशस्ति पत्र भी सीडीओ द्वारा प्रदान किया गया। प्राथमिक विद्यालय खुर्रमपुर 1 की प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी त्यागी को सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश की परिकल्पना को साकार करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद के शिक्षक आधुनिक तकनीकों और संसाधनों से परिपूर्ण हैं, इसलिए राज्य की उनसे अपेक्षाएं और अधिक हैं। सीडीओ ने समय प्रबंधन को सफलता का मूल मंत्र बताते हुए कहा कि शिक्षक अपनी प्राथमिकताओं को पहचानकर कार्य करें और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें। डायट गाजियाबाद की उप प्राचार्य ज्योति दीक्षित ने कहा कि शिक्षक होना अपने आप में एक सम्मान है। इसे केवल नौकरी न मानकर समाज सेवा और जिम्मेदारी के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश की नींव विद्यालयों से ही रखी जाएगी और इसमें शिक्षकों की भूमिका सबसे अहम होगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश यादव ने सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों से बड़ी अपेक्षाएं रखती है। इसलिए हर शिक्षक को अपनी भूमिका को पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ निभाना चाहिए।

**इस अवसर पर जिला समन्वयक राकेश कुमार, रुचि त्यागी, सिंपल चौधरी, निपुण सेल से सौरभ, आशीष, हरनूर एवं चिंपल टीम की प्रतिनिधि कृतिका सहित बड़ी संख्या में शिक्षा अधिकारी और शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एसआरजी पूनम शर्मा ने किया।**

## पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड़ की नई पहल, जनता से सीधे जुड़कर होगी कानून व्यवस्था और मजबूत

**गाजियाबाद।** पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड़ लगातार ऐसी पहल कर रहे हैं, जिनसे न केवल आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके, बल्कि पुलिस-जन सहयोग से अपराध पर भी प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके। उनकी संवेदनशील कार्यशैली और जनता के प्रति सजगता का एक और उदाहरण गुरुवार को सामने आया, जब सिटी, ट्रांस हिंडन और देहात जोन में संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद स्थापित करने की अनोखी मुहिम की शुरूआत की गई।

# साहिबाबाद रेलवे स्टेशन पर बड़ा हादसा टला

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद रेलवे स्टेशन गुरुवार सुबह अचानक अफरा-तफरी के माहौल में तब्दील हो गया जब आनंद विहार से पूर्णिया जा रही स्पेशल ट्रेन (05580 पूर्णिया एक्सप्रेस) की लगेज बोगी से अचानक धुआं उठने लगा। कुछ ही पलों में धुआं गाढ़ा होकर बाहर निकलने लगा और लोगों में चीख-पुकार व भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, यह आग ट्रेन की लगेज बोगी में शॉर्ट सर्किट के चलते लगी। जैसे ही धुआं उठता देखा



गया, लोको पायलट ने तुरंत ट्रेन को साहिबाबाद स्टेशन पर रोक दिया। बोगी में लगी आग पर काबू पाने के लिए रेलवे कर्मियों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए उस बोगी को ट्रेन से अलग कर दिया। इसके बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया।

घटना के समय ट्रेन में सवार यात्रियों में भय और दहशत का माहौल बन गया। कई यात्री अपने-अपने डिब्बों से बाहर निकलकर प्लेटफॉर्म पर आ गए। हालांकि रेलवे कर्मचारियों और स्टेशन स्टाफ की सूझबूझ से स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया और बड़ा हादसा होने से टल गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आग लगेज बोगी में लगी थी, जिसमें रखा सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि यह बोगी पैसेंजर कोच से जुड़ी नहीं थी, वरना जनहानि की संभावना बढ़ सकती थी। घटना के बाद रेलवे अधिकारियों ने तत्काल जांच के आदेश दे दिए हैं। तकनीकी टीम को आग लगने की सटीक वजहों की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

## पुलिस मुठभेड़ में शातिर लुटेरा गिरफ्तार, हथियार व नकदी बरामद



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद में अपराधियों पर लगाम कसने के लिए पुलिस लगातार विशेष अभियान चला रही है। इसी क्रम में गुरुवार को थाना मधुबन बापूधाम पुलिस टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए मुठभेड़ के दौरान एक कुख्यात लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने न केवल वारदात को टाल दिया बल्कि क्षेत्र में सक्रिय अन्य अपराधियों के हौसले भी पस्त कर दिए।

मामला तब सामने आया जब पुलिस को खुफिया सूचना मिली कि कुछ शातिर अपराधी इलाके में लूटपाट की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सतर्क हो गई और इलाके में सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। इसी दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को मोटरसाइकिल पर आते देखा। जब पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो उसने रफ्तार बढ़ा दी और खुद को बचाने के लिए पुलिस पर फायरिंग कर दी। अचानक हुई इस गोलीबारी से माहौल तनावपूर्ण हो गया लेकिन पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। इस कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। मौके का फायदा उठाते हुए पुलिस ने उसे दबोच लिया। गिरफ्तार अपराधी की तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से पीली धातु का एक कुण्डल, टकलीनुमा बटन, पांच हजार रुपये नकद, एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस मिला। यही नहीं, पुलिस ने लूट की वारदात में प्रयुक्त चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली।

# स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 में गाजियाबाद की ऐतिहासिक छलांग

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कभी देश में प्रदूषण की वजह से चर्चा में रहने वाला गाजियाबाद अब धीरे-धीरे अपनी छवि बदल रहा है। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 के परिणामों में गाजियाबाद ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। वायु गुणवत्ता सुधार की दिशा में लगातार किए जा रहे प्रयासों का असर अब दिखने लगा है। इस बार गाजियाबाद ने 200 में से 183 अंक प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर 18वें स्थान से छलांग लगाकर 12वां स्थान हासिल किया है। वहीं उत्तर प्रदेश में शहर ने पांचवां स्थान प्राप्त कर एक नई पहचान



बनाई है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के कुशल नेतृत्व और महापौर सुनीता दयाल की सक्रियता के चलते गाजियाबाद नगर निगम ने पिछले दो वर्षों में वायु गुणवत्ता सुधार पर कई ठोस कदम उठाए। सड़क सुधार को प्राथमिकता देते हुए लगभग 131 करोड़ रुपये की लागत से धूल उड़ाने वाली सड़कों का निर्माण किया गया, जबकि 23 करोड़ की परियोजनाएं अभी निविदा प्रक्रिया में हैं। वहीं शहर में पौधारोपण पर विशेष ध्यान दिया गया और करीब ढाई लाख पौधे लगाकर हरियाली को बढ़ावा दिया गया। डंपिंग ग्राउंड को समाप्त कर हरित क्षेत्र विकसित किया गया, जिसका सीधा असर वायु प्रदूषण पर पड़ा। गाजियाबाद नगर निगम ने आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए प्रदूषण नियंत्रण के लिए कई अत्याधुनिक उपकरणों की तैनाती की। मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीनों से सड़कों की सफाई, वॉटर स्प्रिंकलर और वाटर कैनन से धूल को नियंत्रित करने, एंटी स्मोक गन और वॉटर स्प्रे टैंकर से वायु प्रदूषण पर रोक लगाने का कार्य किया जा रहा है।

## जीडीए ने की 27 संपत्तियों की नीलामी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अपनी योजनाओं को गति देने और राजस्व सुदृढ़ करने के लिए गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में जीडीए द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत खाली पड़े भूखंडों और संपत्तियों की नीलामी आयोजित की गई। इस नीलामी में लोगों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। भारी प्रतिस्पर्धा के बीच 27 संपत्तियों की नीलामी पूरी हुई, जिससे प्राधिकरण को लगभग 154.76 करोड़ रुपये की संभावित आय होने जा रही है। नीलामी में इंदिरापुरम योजना के 04 कन्वीनियंट शॉपिंग भूखंडों से 7.85 करोड़ रुपये की आय हुई, जबकि 02 वाणिज्यिक भूखंडों ने 57.56 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाया। इंदिरापुरम विस्तार योजना ब्लॉक ए के 08 आवासीय भूखंडों ने 60.36 करोड़ रुपये का योगदान दिया। इसके अलावा कौशांबी योजना ब्लॉक ए के 05 आवासीय भूखंड 7.05 करोड़ रुपये में नीलाम हुए। यूपी बॉर्डर पाकेट ए के 01 दुकान भूखंड की नीलामी 27.50 लाख रुपये में हुई।




## जीआरपी प्रभारी नवरत्न गौतम को मिली बड़ी जिम्मेदारी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पुलिस विभाग में अपने साहस, निष्ठा और उल्लेखनीय कार्यों के लिए पहचान बनाने वाले जीआरपी प्रभारी निरीक्षक नवरत्न गौतम को गुरुवार को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई। उनका प्रमोशन पुलिस उपाधीक्षक (डिप्टी एसपी) पद पर कर दिया गया है। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे श्री प्रकाश डी ने उन्हें अपने हाथों से बैज लगाकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। नवरत्न गौतम ने पुलिस विभाग में जहां-जहां भी सेवाएं दीं, वहां अपनी ईमानदारी, कर्त्तव्यनिष्ठा और सख्त कार्यशैली से अलग पहचान बनाई। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में उन्होंने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं और कई संगीन मामलों को सुलझाकर विभाग का नाम रोशन किया। गाजियाबाद में भी उन्होंने कई अहम थानों पर तैनाती के दौरान जनता और पुलिस के बीच विश्वास का सेतु मजबूत किया। फिलहाल नवरत्न गौतम गाजियाबाद जीआरपी में प्रभारी निरीक्षक के रूप में तैनात थे। इस दौरान उन्होंने रेलवे क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उनकी कार्यकुशलता और जनसंपर्क क्षमता ने उन्हें लोगों के बीच एक भरोसेमंद अधिकारी के रूप में स्थापित किया। गौतम का परिवार भी पुलिस सेवा से गहराई से जुड़ा हुआ है। परिवार के अन्य सदस्य भी पुलिस विभाग में महत्वपूर्ण पदों पर रहकर समाज की सेवा कर चुके हैं।

## पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** अपराध और कानून-व्यवस्था पर और अधिक सख्ती के लिए पुलिस महकमे में बड़े स्तर पर फेरबदल किया गया है। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने गुरुवार को एक अहम आदेश जारी कर एक दर्जन से अधिक चौकी प्रभारियों और दो दर्जन से अधिक उपनिरीक्षकों का कार्यक्षेत्र बदल दिया।

इस कदम को पुलिस व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त और जनता से बेहतर तालमेल के उद्देश्य से उठाया गया है। जारी आदेश के अनुसार विजयनगर, कोतवाली नगर और कविनगर थाना क्षेत्रों में सबसे ज्यादा अदला-बदली की गई है। विजयनगर थाने में तैनात अंकित राठौर को चौकी प्रभारी नवयुग मार्केट कोतवाली का दायित्व सौंपा गया है, जबकि अब तक इस जिम्मेदारी को निभा रहे संदीप कुमार को कोतवाली नगर भेजा गया है। विजयनगर थाने के मनीष वर्मा को चौकी प्रभारी डासना गेट बनाया गया है और यहां तैनात मुकेश कुमार को लाइन भेज दिया गया है। सिविल लाइन चौकी प्रभारी अशपाल को हल्का प्रभारी सेक्टर-3 राजनगर बनाया गया है, वहीं कविनगर थाने के तिरेंद्र सिंह अब सिविल लाइन चौकी प्रभारी होंगे। पुलिस लाइन में तैनात प्रशांत रावत को हल्का प्रभारी सेक्टर-23 बनाया गया है और यहां की जिम्मेदारी संभाल रहे ओमप्रकाश बघेल को मधुबन बापूधाम भेजा गया है। कोतवाली नगर के सोनू को हल्का प्रभारी जल निगम विजयनगर की जिम्मेदारी दी गई है।

# विजयनगर को मिली 17 करोड़ की सौगात

वेलकम इंडिया

**महापौर ने कहा कि योजना का कार्य छह माह में पूरा कर लिया जाएगा**

**गाजियाबाद।** विजयनगर क्षेत्र की जनता के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक बन गया। महापौर सुनीता दयाल ने 17 करोड़ की लागत से बनने वाली जलापूर्ति योजना का भूमि पूजन और शुभारंभ किया। इस योजना के तहत गंगाजल की पाइप लाइन बिछाई जाएगी, जिससे विजयनगर के 10 वार्डों को सीधे गंगाजल की आपूर्ति हो सकेगी। इसके बाद विजयनगर के वार्ड 3, 14, 15, 23, 25, 26, 48, 51, 55 और 58 में पेयजल संकट पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। अब तक यहां भूजल स्तर नीचे जाने से पम्प जल्दी खराब हो जाते थे और जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ती थी। योजना के तहत 200 से 500 मिलीमीटर की टाटा कंपनी की पाइप लाइन डाली जाएगी। इस पाइप लाइन से गंगाजल सीधे 6 भूमिगत भंडारण (सीडब्ल्यूआर) तक पहुंचेगा और फिर इनसे क्षेत्र की 6 प्रमुख टंकियों–सेक्टर 11 बी ब्लॉक टंकी, सेक्टर 11 गुलाबी टंकी, सेक्टर 12 मिजार्पुर टंकी, सेक्टर 9 नगर निगम कार्यालय के पास की टंकी, सेक्टर 9 सम्राट चौक टंकी और सेक्टर रोजबेल पब्लिक स्कूल के पास स्थित टंकी में गंगाजल पहुँचेगा। महापौर ने बताया कि अब तक इन टंकियों में पम्प के माध्यम से जलापूर्ति की जाती थी, लेकिन अब गंगाजल सीधे पहुँचेगा और हर समय उपलब्ध रहेगा। इस योजना के पूरी तरह लागू होने से विजयनगर के 10 वार्डों में पानी की किल्लत पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नगर विकास मंत्री जी के आशीर्वाद से यह योजना संभव हो पाई है। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने शपथ ली थी तो सबसे बड़ी समस्या विजयनगर की जलापूर्ति की ही दिखाई दी थी।

